तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025



10 दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए: पूर्व सीएम भूपेश






12 जनदर्शन में स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग






**सूख रहे नलकूप और तालाब : मार्च 2024 में भूजल का औसतन स्तर 14.85 मीटर रहा**

# दुर्ग में भीषण जल संकट के हालात, 7 साल में पहली बार भूजल स्तर मार्च महीने में 20 मीटर के नीचे

राहुल शर्मा ⏭ दुर्ग

जिले में इस साल भीषण जलसंकट की आशंका बन रही है। फरवरी और मार्च माह के शुरुआत में ही जलस्तर नीचे गिर गया है। पिछले सात सालों का औसत देखे तो हर साल मई माह में वाटर लेबल 20 मीटर तक पहुंचता था। लेकिन पहली बार मार्च माह में जलस्तर बीस मीटर (60 फिट से ज्यादा) तक नीचे चला गया है।

इसके चलते कई हैंडपंप बंद हो चुके हैं। वहीं गांव में तालाब सूखने के कारण हैंडपंप से सिर्फ हवा निकल रही है। गांव में जलस्तर नीचे गिरने के कारण बोरवेल्स से पानी नहीं आने की लगातार शिकायत सामने आ रही है। जिला मुख्यालय के आसपास के ग्रामीणों द्वारा सिंचाई में उपयोग होने वाली पानी को टैंकरो के जरिए गांव तक पहुंचाया जा रहा हैं। अफसरों ने बताया कि इस बार जलस्तर की स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। वर्ष 2019 से 2024 के रिकार्ड को देखे तो मार्च माह में अधिकतम 14-16 मीटर तक जलस्तर गिरने का रिकार्ड है। लेकिन इस बार मार्च माह में ही जलस्तर गिरने से प्रशासन सकते में है। हालात यह है कि जनदर्शन से लेकर पीएचई, जलसंसाधन विभाग में पेयजल और निस्तारी की समस्या की अर्जी लेकर ग्रामीण पहुंच रहे हैं। पीएचई विभाग के इंजीनियर की माने तो गांव में तालाबों सूखने के कारण हर साल हैंडपंप काम करना बंद कर देता है। उनका मानना है कि तालाब भरने से हैंडपंप की जलस्तर उपर आता है और इससे राहत मिलती है। बहरहाल जलसंसाधन विभाग ने तांदुला जलाशय से पानी छोडने की जानकारी दी है। लेकिन गांव के तालाबों में अब तक नही पहुंचा हैं।

**धमधा ब्लॉक में पानी को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत, हैंडपंप सूख रहे**

### सिर्फ हैंडपंप का सर्वे स्थिति बेहद दयनीय

पीएचई विभाग द्वारा गर्मी में हैंडपंप को आधार मानकर जलस्तर जांचा जाता है। बरहरहाल मार्च माह तक किए गए सर्वे में बीस मीटर डाउन पर स्त्रोत है। वहीं अगर जलस्तर चालीस मीटर तक नीचे चले जाए तो हैंडपंप पूरी तरह काम करना बंद कर देते हैं। दूसरी तरफ बोरी के किसान राजकुमार गुप्ता ने बताया कि उनका बोर 250 फिट की गहराई में है, दौ सौ फिट में मोटर है। बहरहाल तीन के मोटर में एक के मोटर जैसा पानी आ रहा हैं। वहीं अंजोरा के किसान मेघराज मढरिया ने बताया कि, वे गेहूं की फसल में सिंचाई नही कर पाए। उनका बोर बंद हो गया हैं। यही हाल नगपुरा व पाटन सहित धमधा ब्लाक की भी हैं।




### टैंकरों से ग्राम पंचायतों में पेजयल की सप्लाई

जानकारी अनुसार बोरीगारका, बोड़ेगांव, अंडा, चंदखुरी, निकुम, कुथरेल, कोलिहापुरी, विनायकपुर सहित पाटन व धमधा ब्लाक और बेमेतरा, बालोद जिले के गांव में भी पेयजल की समस्या सामने आ रही हैं। इधर दुर्ग मुख्यालय के समीप समोदा गांव में टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर के जरिए पेयजल की सप्लाई की जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार अमृत मिशन की टंकी के बोर से पानी नही आ रहा हैं।

**पिछले सात सालों में मार्च महीने में जिले में भूजल स्तर**

| वर्ष | मार्च (मीटर में) |
|---|---|
| 2025 | 20 |
| 2024 | 14.85 |
| 2023 | 13.49 |
| 2022 | 12.49 |
| 2021 | 16.20 |
| 2020 | 14.28 |
| 2019 | 13.53 |

नोट- आंकड़े पीएचई ने उपलब्ध कराए

### पेयजल संकट को लेकर आ रही शिकायतें

"इस बार मार्च माह में बीस मीटर तक जलस्तर नीचे चला गया हैं। पेयजल की समस्या लेकिन शिकायते सामने आ रही हैं। निराकरण किया जा रहा हैं।

**उत्कर्ष पांडे**, ईई पीएचई विभाग दुर्ग

### जनदर्शन में पानी छोड़ने और बोर की डिमांड

केसरा (पाटन) ग्रामवासियों ने खारून नदी में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया केसरा, तर्रीघाट, बोरेन्दा, कौही, रानीतराई सभी गांवों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। यह सभी गांव खारून नदी पर निर्भर है। खारून नदी में पानी नहीं होने के कारण न सिर्फ इंसान, बल्कि जानवर भी पानी के लिए भटक रहे हैं। शासकीय जमीन में बोर खनन कराने वार्डवासियों ने दिया आवेदन। वार्डवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत विनायकपुर वार्ड क्रमांक 17 में बोर खुदाई की गई है। किंतु गर्मी के समय में पानी नही आता है। सभी के घरों में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन लगा हुआ है, परंतु लोगों का मकान सड़क से पांच फीट ऊंचा होने के कारण पानी नही मिल पाता है।

### जलस्तर बढ़ाने नहीं हो रही कोई प्लानिंग

वर्ष 2019 मार्च माह में जलस्तर 13.56 मीटर तक था, लेकिन इस साल यह आंकड़ा 20 मीटर तक जा पहुंचा है। इस तरह हर साल जिले का जलस्तर कम हो रहा है। इसके बाद भी जलस्तर बढाने को लेकर कोई ठोस प्लानिंग नही हो रही है। घरों में लोग वाटर हार्वेस्टिंग तक नही लगा रहे हैं। सरकारी विभागों में भी वाटर हार्वेस्टिंग का अभाव हैं। जनजागरूकता के अभाव के कारण आगामी दिनों स्थिति और भी दयनीय हो सकती हैं।

### बोर की डिमांड, लेकिन लगा प्रतिबंध

जल जीवन मिशन लागू होने का हवाला देकर राज्य शासन द्वारा गांव में नलकूप खनन किए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अफसरों ने बताया कि मिशन की शुरुआत होने के बाद वर्ष 2024 से बोर सिर्फ मिशन की टंकी भरने के लिए किया जाना है। जबकि गर्मी बढने के साथ ही पेयजल की समस्या के चलते सैकडों आवेदन पीएचई विभाग के पास पहुंच चुके है। पीएचई विभाग प्रतिबंध होने के कारण आबादी इलाको में नलकूप खनन नहीं हो पा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### धारदार हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सड़क 7 पार्क के सामने सेक्टर 4 भिलाई में आने जाने वालो को धारदार हथियार लेकर क्वाटर नंबर 12 डी सड़क 5 सेक्टर 4 निवासी लक्खा सिंह उर्प लक्खा को पकड़ा गया है। आरोपी पिस्टल नुमा गन रखकर लोगों को धमका रहा था। आरोपी अपने कार के डिक्की में लोहे की धारदार हथियार तलवार को लहरा रहा था। सेक्टर 4 में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। कार सीजी 04 एमए 8001 के भी जब्त किया है। मिले अवैध हथियार को लेकर आरोपी के पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। आरोपी से 2 लोहे की तलवार, एक पिस्टलनुमा गन जब्त किया।

### बीएसपी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**भिलाई ।** बीएसपी में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को डंप यार्ड में आगजनी की घटना हुई। इससे हड़कंप मच गया। आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसपी के कोकओवंस जीपी डंप यार्ड में दोपहर भीषण आग लग गई। इससे कर्मियों में अफराफरी मच गई। मौके पर पहुंच दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। यदि सजगता नहीं बरती होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने मशक्कत से आग बुझाई। घटना की जांच की जा रही है। इसके पूर्व प्लेट मिले में ठेका मजदूर पर रिंग गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गया था।

### चोरी की तीन बाइक आरोपी से बरामद

भिलाई। बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बाइक सीजी 07 बीएफ 5782, सीजी 07 एलजेड 0547 , सीजी 07 बीएक्स 8760,सीजी 07 बीटी 2378 वाहन चोरी की शिकायत पुलिस में हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एसीसीयू की टीम ने भाठापारा रुआबांधा निवासी पुरुषोत्तम यादव उर्फ पुरण यादव को पकड़ा गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उक्त वाहन को अपने अपचारी दोस्त के साथ मिलकर अलग अलग जगहो से चोरी करना बताया है। वाहनों की कीमत 2 लाख आंकी गई है।

## पूर्व सीएम के खेत में चोरी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खेत में लगे बोर पंप की केबल वायर को काटकर चोरी कर फरार



होने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में केबल वायर जब्त किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पाचन निवासी मोहन लाल जांगड़ेपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खेतों में काम करता है। उसने सिकोला खार के खेत में पानी देने के लिए पाइप को बिछाकर बोर लगाया था। इसके लिए उसने केबल वायर काफी लंबी लगाई थी। 30-31 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने केबल वायर के साथ ही सब्बल और ड्रम चोरी कर पार किया था। शिका.त के बाद पुलिस आरोपियों की खोज में जुटी रही। रविवार 22 मार्च को गश्त के दौरान ग्राम रूही में बाइक 04 पीएल 4279 का चालक संदिग्ध रूप से दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक को रोका और उसकी तलाशी ली गई तो उसमें डिक्की के भीतर हथौड़ी, पेचकस, आरी पत्ती मिला। संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम मनोहर मारकंडे होना बताया है। आरोपी थाना अमलेश्वर और पाटन के कई गांव में केबल वायर की चोरी करता रहा है। आरोपी अब तक पाटन थाना क्षेत्र के गांव कुरुदडीह, झीट, अहिवारा, कापसी, भाठागांव, महुंदा, सिकोला, सोनपुर के खेत में लगे केबल वायर को रेकी करने के बाद काट कर चोरी किया है।

**खरीदार भी पकड़ में:** आरोपी ने पुलिस को बताया कि 30-31 जनवरी की रात सिकोसा सोनपुर रोड के किनारे 4-5 खेतों के बोर में लगे केबल वायर को पेचिस से काटकर चोरी कर कॉपर तार को गोलबाजार रायपुर व्यापारी देवेन्द्र देवांगन के पास बेचना स्वीकार किया।

**करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन का खुलासा**

## महादेव सट्टे का पैसा इंटीरियर डिजाइन, मॉल और मार्ट में लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टे की काली कमाई को सफेद करने का खेल बेखौफ तरीके से जारी है। कारोबारी इंटीरियर डिजाइन, मॉल में शॉप और मार्ट को खोलकर रुपए को सफेद किया जा रहा है। इनमें से इंटीरियर डिजाइन का शॉप चलाने वाला जिले में चल रहे महादेव सट्टे का बड़ा कारोबारी है। उसे भिलाई का सौरभ चंद्राकर कहना गलत नहीं होगा। इसके खिलाफ पुलिस थानों में अपराध भी कायम है। लेकिन पुलिस इसे अब तक नहीं पकड़ पाई है। आईपीएल मैच शुरु होते ही महादेव के पैनालिस्टों के पौ बारह हो गए है। कारोबारी भी जिले में अपना कारोबार बेखौफ तरीके से चला रहा है। इसके अलावा काली कमाई से एक ने तो बकायदा सड़क किनारे मार्ट खोलकर रकम का पूरी तरह से बदलने का प्रयास कर रहा है। वहीं तीसरा युवक शहर के मॉल में अपना शॉप किराए में लेकर कारोबार कर रहा है। इससे पुलिस को इनके ऊपर संदेह तक नहीं होगा बल्कि कारोबारी के रुप से शहर में अपने पांव जमाने में लगे है। इंटीरियर डिजाइन वाला तो निकाय चुनाव में ढ़ाई करोड़ खर्च कर सुर्खियों में आ गया है। इस तरह भिलाई- दुर्ग के सटोरियों महादेव सट्टे की काली कमाई को सफेद करने में लगे हुए है। जानकारी मिली है कि पांच साल पहले धर्मेन्द्र जायसवाल कगजों में सट्टापट्टी लिखा करता था। मगर महादेव सट्टे के प्रमोटरों के संपर्क में आने के बाद सौरभ चंद्राकर के इशारे पर सारा काम यहां का धर्मेन्द्र जायसवाल ही संभाल रहा है।

### फरारी में शहर में घूमता रहा

सूत्रों ने बताया कि जामुल थाना का अपराध 140/22 मामले में पुलिस ने चेतन जोशी को गिरफ्तार किया।उसके बयान के आधार पर पुलिस ने 15 लोगों को खिलाफ अपराध कायम किया था। इसमें धर्मेन्द्र जायवाल का नाम है।लेकिन पुलिस ने धारा 173 (8) के तहत न्यायालय में चालान पेश कर चूकी है। बावजूद पुलिस धर्मेन्द्र जायसवाल को फरार बता रही है। धर्मेन्द्र जायसवाल ने अपने दोस्त को हाल ही में एक थार वाहन भी गिफ्ट में देने की चर्चा बनी हुई है। इसका पीछला रिकार्ड खंगाला जाए तो बहुच ही खराब रहा है। मगर महादेव सट्टे के कारोबार में कूदने के बाद आज के दौर में प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का राइट हैंड होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### पुणे, हैदराबाद, दिल्ली ठिकाना

खबरों के मुताबिक शहर के युवक जतिन, टिल्लू, सुमित पिल्ले, संतोष चौहान लंबे अर्से से जिले से गायब है। आईपीएल मैच के शुरु होते ही अपना कारोबार पुणे, हैदराबाद, दिल्ली, बंगलौर में पैनल चला रहें है। इनका आका भिलाई में बैठकर लाइनअप करता है। इसमें से टिल्लू, सुमित पिल्ले को गुवाहटी पुलिस ने दबिश देकर इसके गैंग का पर्दफाश भी कर चुकी है। इनके पास से कई बैंक खाते, एटीएम, चेक समेत कई ऑनलाइन सट्टे से जुड़े सामान भी जब्त किया है। पुलिस ने अब तक उक्त युवकों को नहीं खंगाल पाई है।

## जमीन बंटवारे को लेकर चला टंगिया, तीन हैं गंभीर हालत में

**सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, 15 सालों से चल रहा है विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

परिवार के जमीन बंटवारे को लेकर जमकर चला लाठी, टंगिया चलने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आशीष चौहान की शिकायत पर धारा 115(2),118(1),3(5), 351(3) बीएनएस और जितेन्द्र की ओर से धारा 115(2),118(1),3(5), 324(2), 351(2) बीएनएस के तहत दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई किया है। दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अदालत लकड़ी मिल के मालिकों अदालत चौहान के 4 बेटे नरेश चौहान, कैलाश चौहान, संजय चौहान, गणेश चौहान हैं। अपने जिंदा रहते अदालत ने चारों बेटों को संयुक्त परिवार में रखा और संपत्ति को बांटने नहीं दिया। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने चारों बेटों को बुलाकर उनकी संपत्ति को आपस में बराबर बराबर हिस्सेमें बांटने को कहा था। अदालत चौहान की मौत के बाद चारों बेटों में संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। गणेश चौहान के बेटे जितेंद्र चौहान के मुताबिक उनके बीच यह विवाद 15 सालों से चला आ रहा है। उसके पिता के तीन भाई नरेश, कैलाश, संजय चौहान मिलकर उसके पिता को संपत्ति का हिस्सा नहीं देना चाहते हैं।जितेंद्र ने बताया कि गणेश और तीन अन्य भाइयों के बीच इसी को लेकर विवाद चला आ रहा है। मामला न्यायालय तक पहुंच गया और गणेश चौहान को हिस्सा देने के लिए न्यायालय ने भी आदेश दे



दिया। लेकिन उसके चाचा उन्हें हिस्सा नहीं दे रहे हैं। इसे लेकर उनके बीच कई बार विवाद मारपीट तक हो चुका है। वहीं दूसरे पक्ष से आशीष चौहान के मुताबिक वो अपने पिता की रजिस्ट्री जमीन पर लकड़ी का व्यवसाय करते हैं। गणेश चौहान उस पर कब्जा जमा रहा है। ये मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। रात में गणेश चौहान लकड़ी लेकर आया और उनकी जमीन पर रख दिया। जब उसने लकड़ी हटाने के लिए कहा तो उसी बात को लेकर हमला कर दिया। इसमें कई लोगों को चोटें आई हैं।

### तीन की हालत है गंभीर

पुलिस ने बताया कि रविवार रात दोनों परिवार के सदस्यों के बीच जमकर विवाद चला। जिससे दोनों तरफ से महिला-पुरुष ने लाठी और टंगिया निकालकर एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों से तीन-तीन लोगों को चोट आई है। जिसमें तीन को रेफर भी किया गया है। बताया जा रहा है कि तीन की हालत की हालत सामान्य बनी हुई है। इसके अलावा घायलों में नरेश, कैलाश, संजय की तरफ से केदालती देवी, आशीष और अभिषेक चौहान को चोट आई है। वहीं, गणेश चौहान की तरफ से उनके बेटा जितेंद्र चौहान, सत्या देवी, राजेश चौहान घायल हुए हैं।

## भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मो. अज़हरुद्दीन आज भिलाई में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई स्थित रूंगटा पब्लिक स्कूल मे संचालित गोविन्द सिंह चौहान क्रिकेट अकादमिक में 24 से 30 मार्च तक क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मो. अज़हरुद्दीन शामिल होंगे। वे 24 मार्च को दोपहर तीन बजे भिलाई पहुंचेंगे। मो. अज़हरुद्दीन के आगमन का मुख्य उद्देश्य रूंगटा पब्लिक भिलाई मे चल रहे क्रिकेट कैंप मे उपस्थित खिलाड़ियों को क्रिकेट कौशल मे सुधार, खेल की रणनीति एवं तकनीक सीखना, मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बढ़ाना मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही क्रिकेट कैंप मे उपस्थित अभिभावकों का शाम के समय मार्गदर्शन करेंगे। वे बताएंगे कि कैसे अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक हो सकते हैं, जिससे वह अपने बच्चो को भविष्य मे चैंपियन के रूप मे देख सकें। क्रिकेट अकादमी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संचालित है। इसका उदघाटन दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स ने किया था।



■ 30 मार्च तक चलेगा क्रिकेट कैंप का आयोजन






**खाद्य नियंत्रक ने की जांच, संग्रहण केंद्र के मजदूरों का लिया गया बयान**

# धान में मिट्टी मिलाने के मामले में जांच पूरी, सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलाए जाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारियों की टीम ने स्थल पर पहुंचकर मौके पर मौजूद सारे जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों का बयान लिया है। बयान में धान मे मिट्टी मिलाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। खबर है कि खाद्य विभाग ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को सौंप दी है। हालांकि कलेक्टर ने रिपोर्ट का अवलोकन नहीं किया है। उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट के अवलोकन के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

### दोषियों पर लटक रही तलवार

जानकारी के मुताबिक संग्रहण केंद्र के प्रभारी कन्नौजे सहित अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। संग्रहण केंद्र की पूरी जिम्मेदारी जिला विपण की है। आसपास के जिलों का धान यहां डंप है। लगभग 4 लाख टन धान इस केंद्र में डंप है, जिसे अलग-अलग जिलों से खरीदी के बाद परिवहन कर कोड़िया में लाया गया है। दुर्ग जिले में हुई खरीदी का भी धान इस केंद्र में डंप है। इसे आगामी दिनों में मिलर्स को जारी किया जाना था, जिसे मिलिंग कर एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराया जाना था। संग्रहण केंद्र में लाए गए धान की बोरियों को खोलकर ढेर लगाकर धान में मिट्टी मिलाई जा रही थी।




### जांच हुई पूरी



संग्रहण केंद्र के कर्मियों का बयान लिया गया है। जांच पूरी कर ली गई है। अवलोकन के बाद जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### सौंपी गई रिपोर्ट

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में जांच की है। उन्होंने संग्रहण केंद्र में मौजूद सारे कर्मियों का बयान लिया है। वायरल वीडियो का भी परीक्षण किया है। रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

**भौमिक बघेल**, डीएमओ

### 6 संग्रहण केंद्रों में 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप

अधिकारियों ने बताया कि इस बार जिले में छह संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कोड़िया, जेवरा, सेलूद, अरसनारा, बासीन और करेंजा भिलाई शामिल हैं। यहां करीब 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप है। यह धान दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों से लाया गया है। इन संग्रहण केंद्र से मिलर्स को मिलिंग के लिए धान जारी किया जाना है। जहां धान की हेर-फेर की आशंका बढ़ गई है। इधर दुर्ग जिले में कुल 5.76 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इसमें 5.18 लाख मीट्रिक टन धान मिलर्स को जारी किया चुका है। 102 केंद्रों में 106624 किसानों से धान खरीदी गया है। मिलर्स को जितना धान जारी किया गया है, उनमें से नागरिक आपूर्ति निगम में 70866 टन और एफसीआई में 45958 टन चावल जमा हुआ है।

बता दें कि दुर्ग जिले के कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में पांच दिन पहले अनोखा घोटाला सामने आया था। हरिभूमि ने इस पूरे मामले में खुलासा किया था। कोड़िया संग्रहण केंद्र में वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी मिलाई जा रही थी। मौके पर नियमित रूप से मिट्टी से भरे हाइवा पहुंच रहे थे। इसका स्थानीय कर्मचारियों ने वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ था। जब संग्रहण केंद्र के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मिट्टी पौधे लगाने के लिए मंगाई गई है, लेकिन वहां एक भी पौधा नहीं दिखा। मार्कफेड के अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। बाद में कलेक्टर के निर्देश पर इस पूरे मामले में जांच शुरू हुई।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### सेलूद में भक्त माता कर्मा जयंती आज

**सेलूद।** भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती 25 मार्च को ग्राम सेलूद के सामुदायिक कर्मा भवन में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन दिनेश साहू, प्रमुख अतिथि अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष साहू संघ पाटन, अध्यक्षता हरिशंकर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू संघ अरसनारा, विशिष्ठ अतिथि खेमिन साहू पूर्व सरपंच ग्राम सेलूद, विशिष्ठ अतिथि खिलेश बबलु मारकंडे सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद होंगे।

### परिक्षेत्रीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव आज


**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के परिक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा एवं ग्रामीण साहू समाज खपरी (सिलोदा) के संयुक्त तत्वावधान के सहयोग से 25 मार्च को परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छग शासन, अध्यक्षता रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन, विशिष्ट अतिथि नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज दुर्ग, पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज, प्रिया लक्ष्मी साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, लक्ष्मी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नंदकुमार साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, रोहित साहू अध्यक्ष परक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा, नारायण साहू सचिव परक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा, अनसुईया साहू, सरपंच ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा, राजकुमार साहू पूर्व सरपंच ग्राम खपरी होंगे।

### कुथरेल में भक्त माता कर्मा जयंती आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में भक्तमाता कर्मा की 1009 वी जयंती समारोह का आयोजन 25 मार्च को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम अतिथिगण मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व प्रदेशाध्यक्ष छग साहू संघ रायपुर एवं पूर्व मंत्री छग शासन, अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, रमशीला साहू पूर्व मंत्री छग शासन, डॉ. भारती साहू प्रदेश महिला संयोजिका रायपुर एवं संचालिका अथर्व कालेज, विशेष अतिथि देवीश्री संयोजिका जिला महिला साहू संघ दुर्ग, टीकाराम साहू संयोजक जिला न्याय समिति साहू संघ दुर्ग, लक्ष्मी साहू संयोजिका तहसील महिला साहू संघ दुर्ग एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्ग छन्नूलाल साहू आदि उपस्थित रहेंगे।

### माँ कर्मा के जीवन से हमें मिलती है मानव सेवा की शिक्षा

**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 25 मार्च को भक्त माता कर्मा की जयंती पर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।



उन्होने अपने बधाई संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। आराध्य माँ कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

प्रेस - विज्ञापन

**विषय:- सीमांकन बाबत।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. क्यू दिनांक 27/02/25 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री / श्रीमती सी.बी. मिश्रा पिता/पति स्व. आर.एस. मिश्रा निवासी खुर्सीपार भिलाई द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 294/44 रकबा 0.022 हे. जिसकी सीमा उत्तर में रास्ता दक्षिण में प्लाट नं. 23 पूर्व में रास्ता तथा पश्चिम में रजिन्दर कौर है। का सीमांकन दिनांक 28/03/25 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11.00 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 24/03/25

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-सिकोला

## अंचल के विभिन्न जगहों पर धूमधाम से मनाई होली मिलन समारोह

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए: पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज युवा महिला एवं बालिका समूह द्वारा स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम पाटन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पाटन राज के अंतर्गत आने वाले नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवा महिला एवं बालिका समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान आयोजित करना एक नई पहल है। हमें अपने समाज को सशक्त बनाने की दिशा में काम करते हुए नई पीढ़ी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि इस तरह के सामाजिक आयोजन कर नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए राज कार्यकारिणी को बधाई दिया। विशेष अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा किया साथ ही समाज को संगठित करते हुए समाज की व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करने की बात कही। साथ ही युवा कार्यकारिणी को 5 हजार रूपए की आर्थिक सहयोग भी किया।

### कुर्मी समाज ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान



कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि को बधाई देते हुए कहा कि समाज में बेरोजगारी दूर करने के लिए जनप्रतिनिधियों को बढ़-चढ़कर पहल करना चाहिए। समाज में हमें दलगत राजनीति सुपर उठकर सोचने की आवश्यकता है सिर्फ रोटी बेटी में सिमट कर रहना उचित नहीं होगा। शिक्षा का स्तर उठाना और जरूरतमंद स्व जातियों को मदद कर उनको आगे बढ़ाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सदस्यगण कुसुमलता आडिल, उर्वशी वर्मा, भास्कर वर्मा, रश्मि वर्मा, सरपंचगण लता ताराचंद वर्मा रवेली, लक्ष्मी निलु वर्मा देवादा, कुलेश्वर रोशन वर्मा फुंडा, उनिका वर्मा बठेना, आशीष बंछोर दरबार मोखली, सत्यनारायण टिकरिहा रानीतराई, डॉ. राजेश बंछोर करेला, सोनाली राजू वर्मा बोरिद, मंजू फत्ते वर्मा खोपली, संजू वर्मा करसा, पार्षद नगर पंचायत पाटन पुरषोत्तम कश्यप, संगीता धुरंधर, नेहा बाबा वर्मा के अलावा सभी उपसरपंचों का मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, राजमंत्री केदार कश्यप, क्षेत्र प्रधान महेश वर्मा, सुनील वर्मा, ईश्वर वर्मा, पूर्व राज प्रधान जवाहर वर्मा, मेहतर वर्मा, युवा अध्यक्ष राकेश आडिल, युवा उपाध्यक्ष जितेश वर्मा आदि सहित आदि उपस्थित थे।

### होली पर्व हमें भाईचारे की सीख देता हैं: संगीता



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शिल्प ग्राम थनौद में जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग पच्चीस मंडलीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, अध्यक्षता जनपद सदस्य संगीता माखन साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, पंच सुनैना पारथी, बूथ अध्यक्ष टेकसिंग साहू थे। संगीता साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होली के महत्व बताते हुए कहा हिरन कश्यप जैसे असुर भगवान विष्णु के नाम से भी चिढ़ते थे लेकिन उनके ही पुत्र प्रहलाद विष्णु के अनन्य भक्त थे। साहू ने आगे कहा यह त्योहार हमें प्रेम सौहार्द और भाईचारे की सीख देता हैं। जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

### झेरिया यादव समाज ने मनाया होली मिलन

**पाटन।** पाटन नगर में धूम धाम से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के लोगों को शामिल किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ छग झेरिया यादव समाज पाटन परिक्षेत्र के होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यादव समाज के ब्लाक अध्यक्ष नेहरू यादव, दुर्ग जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राधे यादव ने बताया कि हमारे समाज में एकता और एक साथ रहने का संकल्प लिया। यादव समाज ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति सरल और सहज समाज को साथ लेकर चलने कि प्रेरणा प्रदान करेंगे ताकि समाज के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता बनी रहे। कार्यक्रम में गोपी जागेश्वर यादव, गुड्डू, किशोर, नरोत्तम, गणेश यादव, राधे यादव, संतोष यादव, शांति यादव आदि उपस्थित थे।



### मैथिल ब्राह्मण महिला समाज ने मनाया होली मिलन

**भिलाई।** मैथिल ब्राह्मण महिला समाज भिलाई द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुडको में हर्षोल्लास और पारिवारिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश दिया। हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों के साथ प्रेरक और यादगार अनुभव भी साझा किए। समाज की पद्ममा झा के हुडको स्थित निवास पर खुशनुमा वातावरण में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में जुटे सभी लोगों ने रंगोत्सव की खुशियां शेयर कीं। एक दूसरे को गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। तीज त्योहार के सामाजिक समागम की इस परंपरा को निरंतर समृद्ध करने का आह्वान किया गया। नई पीढ़ी में संस्कार की खुशबू को सुवासित करने पर जोर दिया। महिलाओं ने होली के धार्मिक प्रसंगों के साथ जीवन और समाज जुड़े प्रेरक व हास्य व्यंग्य के रोचक किस्से भी सुनाए। मैत्रीभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाज की विद्या ठाकुर और आभार प्रदर्शन पद्मा झा ने किया। कार्यक्रम में अंजलि ठाकुर,भावना मिश्रा, जया झा, ललिता चौधरी,सुषमा झा, आशुतोष ठाकुर, अखिलेश झा, बृजेंद्र कुमार झा,अशोक कुमार ठाकुर, धनेश मिश्रा, राजेंद्र झा,ललित नारायण चौधरी आदि उपस्थित थे।



## खुद को राष्ट्रीय प्रवक्ता बताने वाले भाजपा निष्कासित जय प्रकाश के विरूद्ध एसपी से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- एफआईआर दर्ज करने एसपी दुर्ग को सौंपा पत्र

भिलाई भाजपा के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने भिलाई के जय प्रकाश यादव के भाजपा में न होने की पुष्टि की है। इतना ही नहीं उन्होंने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला को शिकायती पत्र सौंप कर खुद को भाजपा नेता प्रचारित कर जनता को गुमराह करने और पार्टी के लोगो का लेटरहेड सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दुरूपयोग करने वाले ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भिलाई भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने स्पष्ट किया कि जय प्रकाश यादव निवासी कोसा नगर भिलाई जिला दुर्ग के विधानसभा चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने व भाजपा के विरूद्ध काम करने के कारण 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। इस स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पद व लोगो का प्रयोग करना अवैधानिक है। जय प्रकाश यादव अपने आपको भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बता कर आम लोगों को भ्रमित कर अवैध वसूली करता है, बिना पद पर रहते हुए इस प्रकार का प्रचार-प्रसार करना अपराध की श्रेणी में आता है। अतः जय प्रकाश यादव के द्वारा उपयोग किये गये पद की जांच कर गलत पाये जाने पर उचित कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करने उन्होंने एसपी दुर्ग को पत्र सौंपा है। एसपी से की गई शिकायत की प्रति जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला प्रभारी संदीप शर्मा को भी दी गई है। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्री बिजेंद्र सिंह और योगेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

## जिला भाजपा अध्यक्ष पर करूंगा मान-हानि का मुकदमा: जयप्रकाश



पूर्व पार्षद और वैशालीनगर से विधानसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जयप्रकाश यादव ने जारी बयान में कहा कि जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने मेरे खिलाफ पुलिस से शिकायत की है कि मैं भाजपा से निष्कासित हू और पार्टी के पदों का दुरुपयोग कर रहा हूं। उन्होंने और भी कई संगीन आरोप लगाए है। जयप्रकाश ने कहा कि जिलाध्यक्ष अवैध वसूली के आरोप को अलग प्रमाणित नहीं किया तो मैं उनके खिलाफ मान-हानि का मुकदमा दायर करूंगा। श्री यादव ने बताया कि मेरा सोशल मीडिया का एकाउंट हैक हैं मैंने इसकी शिकायत आईजी से कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित करने वाले लोग चुनाव परिणाम आने के बाद पद की लालसा में पाला बदल दिया और मेरे राजनीतिक कॉरियर को खत्म करने में लगे हुए है। ये वहीं लोग है जो दिन में बीजेपी कार्यालय में और रात के अंधेरे में मेरे पास आते थे। उन्होने कहा कि भाजपा से निष्कासन का कोई आदेश पार्टी से नहीं मिला है।

### महिला इंजीनियर के साथ लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** महिला इंजीनियर की बेटी के गले में चाकू टिकाकर लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मरोदा सेक्टर निवासी इंजीनियर सुमन साहू अपने बेटियों के साथ आत्मानंद गार्डन से घूमकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान एक्टिवा सवार चाकू निकालकर महिला इंजीनियर के गले में चाकू अडाकर लूटपाट कर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाकर खोजबीन शुरु किया गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला कई लोगों से पूछताछ भी गई। जेल से रिहा हुए आरोपियों से भी पूछताछ करने के बाद मुखबिर से पतासाजी किया गया। जिसमें कैमरे में एक संदेही के हुलिये के आधार पर मिलती-जुलती एक्टिवा की खोजबीन की गई। घेराबंदी कर प्रगति नगर सड़क 8 रिसाली निवासी अर्पित साहू को पकड़ा गया। युवक से पूछताछ करने पर लूटपाट करना स्वीकार किया। अर्पित को ऑनलाईन सट्टा खेलने की लत है। स्वीकार किया कि एक्टिवा सीजी 07 ए. डब्ल्यू. 3555 का नंबर प्लेट, चेहरे में स्कार्फ बांधकर चाकू लेकर रात को निकला था। मरोदा सेक्टर के पास आत्मानंद पार्क में महिलाए धूम रही थी। एक महिला पार्क से सोने का आभूषण पहनकर बच्चों के साथ निकली। जिसका पीछा कर मरोदा सेक्टर डीपीएस स्कूल के पास महिला इंजीनियर की बेटी के गले में चाकू अडाकर महिला से सोना, चांदी के जेवरता लेकर फरार हो गया। आरोपी से सारे जेवरात को रिसाली के गोल्ड कंपनी में 85 हजार 334 रुपए गिरवी रखना बताया है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने लूट की सोने के जेवरात, एक्टिवा वाहन को जब्त किया है। वाहन की डिक्की से एक चाकू भी बरामद किया है।



### छग पेंशनर्स समाज पाटन का सम्मेलन आज

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज पाटन इकाई का वार्षिक सम्मेलन मंगलवार को 12 बजे जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर अखरा में आयोजित है। मुख्य अतिथि पूर्व दुर्ग जिला भाजपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा होंगे और अध्यक्षता पेंशनर्स समाज पाटन के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा करेंगे। विशिष्ठ अतिथि पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, प्रांत अध्यक्ष चेतन भारती,जगन्नाथ मंदिर के मुख्य न्यासी सीताराम वर्मा व संरक्षक नेतराम वर्मा होंगे। पेंशनर्स समाज पाटन के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मान बुजुर्ग शिक्षक परसराम साहू समाज की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। पेंशनरों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित अन्य लंबित मांगों लेकर पत्र भी लिखा जाएगा।

**बिजनेस साइट**

## चरोदा में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की ब्रांच का शुभारंभ




**भिलाई।** ख्यातिनाम इंग्लिश मीडियम स्कूल भी ग्रामीण क्षेत्र की ओर आगे बढ़ रहे हैं और वहां अपने ब्रांच शुरू कर रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने जंजगीरी-चरोदा-भिलाई में अपना ब्रांच शुरू किया है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने इसका औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका कुम्हारी की अध्यक्ष मीना वर्मा सहित स्कूल के डायरेक्टर्स, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने गांव के स्कूल में शिक्षा प्राप्त की है। नए समय में स्कूलों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ नैतिक शिक्षा प्रदान करने की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल चरोदा भिलाई का उद्घाटन सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि हम लोगों ने कभी कल्पना नहीं की थी कि इस क्षेत्र में स्कूल की इतनी बेहतर सुविधा उपलब्ध होती जाएगी और यह क्षेत्र इतना तेजी से विकसित होने लगेगा। आज प्रत्येक अभिभावक चाहता है उसके बच्चे को घर के आसपास ही बेहतर सुविधा मिले। वह अपने बच्चों पर स्कूल भेजने के दौरान भी नजर रख सके। उन्होंने ग्रामीण परिवेश वाले इस क्षेत्र में उत्कृष्ट स्कूल खोलने के लिए स्कूल परिवार को धन्यवाद दिया। वही विशेष अतिथि नगर पालिका कुम्हारी की अध्यक्षा मीना वर्मा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विद्यालय में शिक्षा देने के साथ बच्चों के संस्कार को भी विकसित किया जाएगा। स्कूल के संस्थापक गुरुबक्श सिंह छाबड़ा ने भी इस अवसर पर अपनी बातें रखी तथा स्कूल की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिल्ली पब्लिक स्कूल की ब्रांच है। स्कूल मैनेजमेंट के द्वारा इसकी पूरी कोशिश की जाती है कि शिक्षा का स्तर एक मानक से नीचे ना गिरे। शिक्षा के साथ संस्कार को सिखाया जाना जरूरी है और हमारे स्कूल का यही मोटो भी है। हमने अपने सिलेबस में समाज सेवा की भावना और सांस्कारिक विकास की बातों को भी कोर्स में शामिल किया है। स्कूल के निर्देशक प्रभु दयाल शर्मा ने अपने संबोधन मे कहा कि यह विद्यालय समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज के विकास में और नौतिक विकास मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य शिशिर प्रकाश ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा और छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अभिभावकों ने स्कूल की सुविधाओं और शैक्षणिक योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान छात्रों के लिए एक आदर्श शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। अभिभावकों ने स्कूल की अत्याधुनिक सुविधाएं और शिक्षकों का समर्पण देखकर कहा कि हमें बहुत खुशी हुई। हमें विश्वास है कि यहां हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम में आस-पास के क्षेत्र के लोगों ने भी इस समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्कूल की सुविधाओं और शैक्षणिक योजनाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्थान के ट्रस्टीस सहित चरोदा-भिलाई एवं कुम्हारी क्षेत्र के पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### समाज का होली मिलन व कार्यकारणी बैठक सपन्न

दुर्ग। जिला ठेठवार यादव समाज दुर्ग नगर का होली मिलन व कार्यकरिणी की बैठक यादव समुदायिक भवन राजीव नगर मे सम्पन्न हुआ। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाया। साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा व आगामी दुर्ग जिला ठेठवार समाज का बैठक यादव ठेठवार समाज जहां जनसंख्या ज्यादा है दुर्ग नगर के सिकोला, बोरसी, कसारीडीह, मठपारा, बैगापारा जैसे स्थानों मे बैठक किया जाएगा व इकाई गठन किया जाएगा वहां सदस्य बनाया जाएगा। आगामी दिनों मे रक्त दान, स्वास्थ शिविर जैसे कार्यक्रम कराया जाएंगे। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, युवा अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव, कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, महिला अध्यक्ष श्रीमति अहिल्या यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव, राधेलाल यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।

### कोटनी में केपीएल सीजन 5 का समापन



दुर्ग। ग्राम कोटनी में रविवार को वार्ड स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता रंगा रंग केपीएल सीजन 5 का समापन हुआ। विरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि हर वर्ष यहां प्रतियोगिता होली मिलन समारोह के रूप में आयोजित की जाती है। इस वर्ष 16 मार्च से प्रत्येक रविवार को दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्राम कोटनी पंचायत के प्रत्येक 19 वार्डों के बीच में खेला गया। वहीं फाइनल मैच 23 मार्च को वार्ड 11 वर्सेस वार्ड 12 के बीच खेला गया। जिसमें सीआरपीएफ वार्ड 12 की टीम विजेता रही। प्रथम पुरस्कार पप्पू भीष्म हेमलाल गान्नी द्वारा 3555 रु दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2222 रु ग्राम पंचायत सरपंच राम सिंह निषाद शील्ड नरसिंह साहू द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केपीएस सीजन 5 के अध्यक्ष हेमंत विश्वकर्मा उपाध्यक्ष हेमलाल कुम्हार, सरपंच रामसिंह निषाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से दुर्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि शहर में अपराधी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देकर बड़े आराम से बच निकलकर भाग जाते हैं। इसके पीछे वजह शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों का न होना है। सीसीटीवी कैमरा कई उद्देश्यों को पूरा करता है। किसी आपराधिक घटना के बाद आरोपियों की पहचान करने में इससे मदद मिलती है।

**सख्ती:** पिछले कई सालों से बकायादारों ने गटक रखे 73 लाख से अधिक राशि

# बकायादारों के नामांतरण पर रोक नाम, पैन और आधार नंबर लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नही पटाने वाले बकायदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया हैं। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नही पटाने वाले बकायदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती हैं। लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायदार बाज नही आ रहे हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, जिले में 31 प्रकरण हैं, जिनसे 73 लाख 42 हजार 097 रूपए की वसूली की जानी हैं। यही कारण है कि, राज्य शासन द्वारा एनजीडीआरएस प्रणाली में उनके जमीन के अंतरण यानि नामांतरण पर रोक लगा दी गई हैं। वर्ष 2024-25 के वित्तिय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नही होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया हैं।

**खास बातें**

- रजिस्ट्री के बाद वसूली की राशि विभाग के लिए चुनौती
- तीन बार नोटिस के बाद कुर्की की कार्यवाही का भी प्रावधान
- बकायादार के खसरे के साथ पिता, आधार और पैन कार्ड में लॉक

**जिला पंजीयक विभाग ने आरआरसी प्रकरणों में बरती कड़ाई**




### कुर्की का भी प्रावधान

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, आरआरसी राशि की वसूली के तहत तीन बार नोटिस जारी किया जाता हैं। इसके बाद भी राशि का भुगतान नही किए जाने पर कुर्की की कार्यवाही का प्रावधान है। कुर्की के लिए राज्य शासन द्वारा जिला पंजीयक को अधिकार भी दिए गए है। उन्होने बताया कि, पिछले कई सालों से ऐसे बकायादारों ने राशि का भुगतान नही किया है। जानकारी अनुसार पिछले साल लंबे समय तक जिला पंजीयक कार्यालय में बकायादारों के नाम ब्लेक बोर्ड में सार्वजनिक भी किए गए थे।

### खसरे में दर्ज होगा बकायादार के नाम

किसी भी प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने के दौरान खरीदार जमीन, प्लॉट और मकान की कम स्टांप ड्यूटी जमा कर देते हैं। सब रजिस्ट्रार को ई-रजिस्ट्री दर्ज करनी पड़ती है। इसके बाद जमीन का एरिया और वहां की कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से राशि जोड़ी जाती है। इस आधार पर खरीदार को बकाया राशि जोड़कर नोटिस भेजा जाता है। इस मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयन के यहां सुनवाई होती है। सुनवाई के आधार पर तय राशि वसूली का काम शुरु किया जाता है। पंजीयन विभाग के वसूली नहीं करने पर केस संबंधित तहसीलदार को भेजकर वसूली और प्रापर्टी की कुर्की कराई जाती है।

### पिता के नाम, आधार, पैन भी लॉक

पूर्व बकायादारों के खसरे में शामिल सभी सह संपतिधारक के सभी नामों पर रोक लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होते रही हैं। जिसके चलते शासन ने सिस्टम में सिर्फ जमीन मालिक व उनके पिता के नाम, आधार व पैन नंबर भी सिस्टम में लाक किए जाएंगे। जिससे वे आधार व पैन का कार्य नही करा पाएंगे। ऐसा एनजीडीआरएस प्रणाली में किया गया है, ताकि उक्त किसी भी जानकारी की प्रविष्टि करने जाने पर बकायादारों की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। उस प्रतिबंध रकबे पर अगर पक्षकार लेनदेन करता हैं तो उसकी जानकारी सिस्टम में मिल जाएगी।

### ऐसे होती है धोखाधड़ी लोगों के साथ

शहरी क्षेत्र से लगी ज्यादातर जमीनें बिल्डर खरीदते हैं। यह बिल्डर कम स्टांप ड्यूटी जमाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण भी करा लेते हैं। प्रोजेक्ट का काम शुरु कर लोगों को रजिस्ट्री और नामांतरण के आधार पर प्लॉट और मकान बेच दिए जाते हैं। ऐसे में इस जमीन पर पंजीयन विभाग का बकाया बना रहता है। बाद में आरआरसी केस बनने के बाद लोगों को पता चलता है कि इस जमीन पर स्टांप ड्यूटी शुल्क बकाया है। ऐसा करने से नामांतरण होने के पहले ही खसरे में बकाया दर्ज कर दिया जाएगा, जिससे नामांतरण नहीं होगा और न ही बाद में रजिस्ट्री हो पाएगी।

# रिटायरमेंट कर्मी को निगम दे रही प्लेसमेंट में नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा नियम कायदों की धज्जियां उडाई जा रही हैं। निगम में नौकरी के बाद रिटायरमेंट कर्मियों को फिर से प्लेसमेंट के आड में नौकरी बांटा जा रहा है। ऐसे लोग रिटायरमेंट के बाद पेंशन भी ले रहे हैं, वही स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सांठगांठ कर प्लेसमेंट के जरिए हर माह वेतन ले रहे है। जबकि पात्र हितग्राही निगम के चक्कर कांटकर थक गए हैं। प्लेसमेंट में भर्ती के लिए निगम के अधिकारियों द्वारा अवैध उगाही किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। हितग्राहियों से राशि लेकर उन्हें प्लेसमेंट में रखा जा रहा हैं। शिकायतकर्ता मिथलेस कुमार बारले ने इसकी कलेक्टर से लिखित शिकायत भी की थी। जिस पर कलेक्टर ने जांच के आदेश भी दिए थे। आवेदक की माने तो उनकी माता मंजू बारले पति राम कुमार बारले रूआबांधा बस्ती में रहते है। उनकी माता सफाई कर्मी थी। लेकिन 12 अक्टूबर 2024 को उनकी मृत्यु हो गई। ऐसे में घर की आर्थिक तंगी के चलते उनके बेटे मिथलेश कुमार बारले ने प्लेसमेंट पर रखने की मांग की है। लेकिन उन्हें वंचित कर दूसरे को रखा गया हैं। शिकायकर्ता अनुसार रामकुमार यादव जो भृत्य पद पर थे, उनके रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें प्लेसमेंट में रखा गया है। इसी तरह गौरीशंकर और राजू सिंह रिटारमेंट हैं और उन्हें पेंशन मिल रहा है। इसके बाद भी प्लेसमेंट में रखा गया है और उन्हें हर माह वेतन जारी किया जा रहा हैं।

- स्वास्थ्य विभाग का कारनामा




### नहीं थम रही मनमानी

निगम प्रशासन द्वारा कम राजस्व होने के बाद भी प्लेसमेंट में मनमानी भर्ती कर रही है। सफाई कर्मी के नाम पर भर्ती कर ऐसे लोगों को आफिस में बाबू का काम दिया जा रहा है। जिसकी पूर्व में भी शिकायत हो चुकी है और सामान्य सभा में भी मामला उठा चुका है। पूर्व पार्षद मदन जैन ने भी इसकी शिकायत की थी। इसके बाद भी मनमानी थम नही रही हैं।

### नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त से की शिकायत

दुर्ग। शहर में नगरनिगम के महापौर अल्का बाघमार सहित एमआईसी मेंबरों की विज्ञापन बोर्ड को लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने आयुक्त से शिकायत की हैं। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि, महापौर के साथ सभी एमआईसी मेंबरो की फोटो बोर्ड में लगी है। लेकिन वही नीचे में नगरनिगम दुर्ग लिखा गया हैं। ऐसे में उन्होने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से मिलकर शिकायत की और पूछा हैं के किस अधिकार और अधिनियम के तहत नगरनिगम अपने खजाने से एमआईसी मेंटरों का प्रचार कर रही हैं। जिस पर आयुक्त ने कहा इसे हमने नही छपाया हैं।

# जनदर्शन में स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 103 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान शांति कुंज रिसाली निवासी ने भू-स्वामित्व की जमीन से ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान में स्थानांतरित करने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत धनोरा में स्थित जमीन पर सीएसईबी द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर एक तरफ से झुक गया है, जो कभी भी गिर सकता है, जिससे जनधन की हानि होने की संभावना है। एडीएम ने सीएसपीडीएल को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की। कई वर्षो से समिति द्वारा दुर्गोत्सव का आयोजन कर रही है। दुर्गोत्सव समिति मंच के सामने अंग्रेजी शराब दुकान खुले रहने से धार्मिक आस्थाओं को ठेस पंहुच रहा है। साथ ही दुर्ग रेलवे स्टेशन से आवागमन एवं यातायात हेतु आने जाने में आम जनता, व्यापारियों सहित महिला, पुरूषों तथा बच्चों को विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस पर एडीएम ने आबकारी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

- जनदर्शन में आज 103 आवेदन प्राप्त हुए



# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


वार्ड 21 में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही तीसरे दिन भी जारी रहा। सिंधिया नगर, मुकुट नगर, हनुमान नगर सहित आसपास के करीब दर्जनों लोगों ने सड़क क्षेत्रों में घेरकर अपने घर के सामने चबूतरा, गार्डन, सीढ़ी व अन्य निर्माण कर लिया था। नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवाया। सैकड़ो क्षेत्र के रहवासियों ने इससे महापौर श्रीमती अलका बाघमार को अवगत कराया था। नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण से सफाई में भी दिक्कत हो रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम प्रशासन अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम के साथ पहुंचकर अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। बता दे कि निगम प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई कब्जाधारी अपनाअतिक्रमण स्वयं हटाने लगे।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि आवागमन को ध्यान में रखते हुए शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्रवाही शहर के सभी वार्डों एवं बाजार क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की चौड़ा होने के बावजूद उनमें दो कारें एक साथ नहीं निकल सकती। यदि कारें एक साथ निकलना चाहें तो अन्य वाहनों को रूकना पड़ता है। महापौर ने लोगों से अपील किया है कि समस्त कॉलोनी में जिन्होंने भी अतिक्रमण करके चौड़ी रोड को संकरी कर दिए है, वहीं नालियां ढकने से उनकी सफाई तक नहीं हो पा रही।



# शहीदी दिवस पर 55 लोगों ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

दुर्ग। शहीदे आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में दुर्ग जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 55 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।दुर्ग गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी ओम वीर सिंघ, मनप्रीत सिंह भाटिया, मुकेश आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, अनिल सुराना, कवंलजीत सिंह, विनोद जैन, नैना आढ़तिया सहित 55 लोगों ने रक्तदान किया। ज्ञानी ओम वीर सिंघ ने कहा हमारा इतिहास शहीदों का रहा है और वर्तमान दौर में युवाओं को देश एवं धर्म के लिए कुर्बान हुए शहीदों की जानकारी होना जरूरी है। ब्लड बैंक के संचालक डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ पियूष श्रीवास्तव, टीएस एंथोनी, तरुणा रावत, तीरथ यादव के मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ। सभी रक्तदानियों को नवदृष्टि फाउंडेशन के द्वारा प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया गया एवं सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया।











हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष बने पीवी राव, उपाध्यक्ष बीए नायडू, सुब्बाराव व कोषाध्यक्ष बने टीवीएन शंकर

लाइव इवेंट

## वीर सपूतों के बलिदान को याद करने निकाली संदेश यात्रा



**भिलाई।** शहर के युवाओं ने वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए नगर भ्रमण के लिए संदेश यात्रा निकाली। हुडको से शुरू होकर शहीद यात्रा नगर भ्रमण करते हुए शहीद उद्यान सेक्टर 5 में समाप्त हुई। युवाओं के द्वारा शहीदों को याद किया गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देश भक्ति संगीत के माध्यम से युवाओं में बहुत ही जोश देखने को मिला। संदेश यात्रा हुडको ने निकलकर सेक्टर 9 चौक, सेंट्रल एवेन्यू होते हुए शहीद उद्यान सेक्टर 5 पहुंची। वहां शहीदों को यादकर उन पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। संदेश यात्रा में देशभक्ति उद्घोष एवं शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री रितेश सिंह ठाकुर ने कहा की आज के युवा हमारे वीर सपूतों के बलिदान को भूलते जा रहे हैं। आज का युवा भारतीय संस्कृति को छोड़ कर विदेशी संस्कृति के तरफ़ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। हमें शहीदों को हमेशा अपने दिल और दिमाग में रखना है। तीन ऐसे युवा जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस कार्यक्रम में योगेश साहू, वेद साहू, रितेश कुमार कलम्बे, रविंद्र साहू, मृत्युजंय साहू, रोहित दुबे, समृद्ध द्विवेदी, अखिलेश, नंदन, हेमन्त, मोहित, सौरभ, साहिल, मिहिर, दिनेश, बंटी, लिखेंद्र आदि उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

## स्वाति साहू का हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सम्मान



**भिलाई।** हैदराबाद में आयोजित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दुर्ग बीजेपी महिला मोर्चा की प्रभारी और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वाति साहू सम्मानित की गईं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर, महामंत्री रामलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में आगामी होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। समाज द्वारा दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन पर कार्य योजना बनाई गई, जिसमें छत्तीसगढ़ से साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष एवं विधायक संदीप साहू, अशोक साहू, प्रीतम साहू, रामखिलावन साहू सहित अन्य मौजूद थे। स्वाति साहू ने बताया राष्ट्रीय बैठक में आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों और सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया गया।

सिटी इवेंट

## ब्राह्मण समाज ने सेवाभावी महिलाओं का किया सम्मान



**दुर्ग।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राह्मण समाज द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने फूलों की होली खेल कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की बधाई दी। महिलाओं द्वारा होली के फाग गीत व भजनो की धुन में कृष्ण और राधा रानी के साथ नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाली समाज की महिलाएं समाज सेविका नमिता शर्मा, पूर्व पार्षद शकुंतला चौबे, पूर्व पार्षद कल्पना जोशी, सेवानिवृत प्राचार्य किरण तिवारी, भारतीय दुबे का अतिथियों द्वारा सम्मान कर हौसला बढ़ाया गया। यह कार्यक्रम समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर किरण मिश्रा, अपर्णा तिवारी, सरिता मिश्रा, तनु मिश्रा, रानी उपाध्यक्ष, ममता तिवारी के अलावा छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राह्मण समाज की सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रही।

● जन्म कल्याणक महोत्सव में दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग कार्यक्रम, पूरे दिन जैन मंदिरों में उमड़े भक्त

# भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकली, पालकी में भगवन ने दिए दर्शन, जगह-जगह अभिषेक और शांतिधारा



**भिलाई।** प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। इससे पहले भक्तों ने मंगल अभिषेक, शांति धारा किया। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 1008 ऋषभदेव, 1008 आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अष्टधातु की प्रतिमा पालकी में विराजमान कर बैंडबाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर आचार्य 108 सुयश सागर के आशीर्वाद से 8 आदिनाथ भगवान की पाषाण एवं अष्टधातु की प्रतिमा पर मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। शांति धारा का सौभाग्य प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत जैन बाकलीवाल और पाषाण प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक का सौभाग्य संजीव, राकेश, कासलीवाल, अष्टधातु की प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन बाकलीवाल, प्रतीक नाहर ने किया। इस अवसर पर ज्ञानचंद बाकलीवाल, ललिता देवी, महावीर प्रकाश, अशोक नेगोटिया, निशांत जैन, डॉ. अंशुल जैन, पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा अध्यक्ष प्रशांत जैन, सोमेश बाकलीवाल, वरुण जैन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर आदिनाथ भगवान के कल्याण के विधान पूजन महिलाओं के साथ मंगल कलश की स्थापना करते हुए मंगलदीप कलश की स्थापना कर पूजन विधान और आरती की गई।



## दुर्ग में भी जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा



**दुर्ग।** जैनियों के प्रथम तीर्थंकर भगवान 1008 श्री आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर पद्मनापुर दिगंबर जैन समाज द्वारा सुसज्जित नवनिर्मित रथ में भगवान की रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में पुरुष वर्ग श्वेत और महिलाएं केसरिया वस्त्र में उत्साह के साथ शामिल हुई। रथयात्रा का पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वागत किया और भगवान श्री के दर्शन कर शहर के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। रथयात्रा के दौरान अध्यक्ष विजय जैन, उपाध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव आशीष जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, कार्यकारी सदस्य कमलेश जैन, संजय बोहरा, दीपक जैन, दिलीप जैन, ट्रस्टीगण विनोद पाटनी,नवीन कुमार, अजीत सिंह, विनोद सिंघाई, सुभाष जैन के अलावा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भंडारा, जप अनुष्ठान, वीर संदेश रैली के साथ होगा, 4 अप्रैल से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज, तैयारी शुरू, 10 तक आयोजन



सेवा, भक्ति, अनुष्ठान तप-जप, गौ सेवा, आयंबिल नवकार महामंत्र एवं सामायिक साधना, भंडारे के साथ भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव दुर्ग शहर में मनाया जाएगा।प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने बताया कि इस वर्ष 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 अप्रैल तक गंज मंडी प्रांगण में उत्सव मनाया जाएगा। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन ऋषभदेव परिसर एवं जैन भवनों में होंगे। सामायिक दिवस के साथ ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज होगा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अजय श्रीश्रीमाल एवं मंत्री चुन्नीलाल जैन ने सात दिवसीय आयोजनों को लेकर बताया कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ दुर्ग शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतिदिन प्रभात फेरी (अहिंसा यात्रा ) निकाली जाएगी, जो गंजपारा, ऋषभ ग्रीन सिटी, पद्मनाभपुर, मालवीय नगर, गया नगर, ऋषभ कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी से होकर गुजरेगी। वीर वाटिका, जैन महाभारत, अखिल भारतीय भक्ति गीत स्पर्धा, भावेश बेध, ऋषभ, संभव जैन मुंबई एवं पिंटू स्वामी की शानदार भक्ति का आयोजन गंज मंडी प्रांगण में होगा। गौ सेवा और रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। आयोजन समिति के प्रमुख प्रकाश गोलछा, रितेश बुरड़, पियूष पारख, संदीप जैन, किशोर जैन, मनोज बाकलीवाल, राजा कांकरिया, ऋषभ देशलहरा सहित सभी ने आयोजन की तैयारियों को लेकर बताया कि नसियातीर्थ से रैली निकलेगी। दिगंबर-श्वेतांबर समाज के बच्चों की ज्ञान वर्धक प्रस्तुति, वीर वाटिका प्रस्तुत की जाएगी। 10 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की भव्य शोभायात्रा दिगंबर एवं श्वेतांबर मंदिर से सुबह 7:30 बजे प्रारंभ होगी। इसी दिन शानदार भक्ति एवं महाआरती का आयोजन भी गंज मंडी प्रांगण में होगा।

# ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज चलाएगा सदस्यता अभियान, नवीन पंजीयन का भी निर्णय

**भिलाई।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक सांई मंदिर रोड सेक्टर-6 में हुई। बैठक में जिले की कार्यकारिणी गठित करने पर चर्चा की गई। साथ ही नए सदस्य जोड़ने और नवीन पंजीयन पर सहमति बनाई गई। ताकि समाज के लिए आगामी 3 वर्ष के क्रियाकलापों के लिए एक निर्धारित व निश्चिंत मापदण्ड व नियमों के अनुकूल ही समाज का संचालन, सदस्यों की संख्या बढ़ाना, सामाजिक उत्थान, उत्तरदायित्व व देश, राज्य व जिले के समस्त सामाजिक सदस्यों की भूमिका उनको दिए जाने वाले दायित्वों व समाज में उनकी भूमिका, कर्तव्यों पर चर्चा की जावेगी, दायित्व, कार्यभार सौंपा जाएगा। विशेषकर महिलाओं, स्त्रियां, बालिकाओं की अधिक से अधिक समाज में सहभागिता, दायित्व का कार्यक्रम, कार्य भार सौंपा जाना व वृहद स्तर पर प्रादेशिक, राष्ट्रीय व जिले के स्तर पर सामाजिक मिलन व वर-वधू के लिए उचित, सुयोग्य व चिरस्थाई विवाह संबंध के विषयों पर गंभीर व वृहत्तर चर्चा होगी। समाज के संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

- ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की बैठक में सामाजिक एकजुटता का लिया संकल्प



# रक्तदान शिविर में 49 यूनिट ब्लड कलेक्ट, लोगों को किया जागरूक

**भिलाई।** सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ मंदिर एवं प्रजा सेवा समिति के सौजन्य से सना सना ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई शहर वासी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और ज्यादा से ज्यादा। मात्रा में रक्तदान किए लगभग 49 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस सफल कार्यक्रम के लिए प्रजा सेवा समिति के सभी सदस्य एवं सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। इस दौरान लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

- बालकनाथ मंदिर खुर्सीपार में किया आयोजन



दवा विक्रेता संघ की कार्यशाला में जुटे दवा व्यावसायी, डिप्टी सीएम हुए शामिल

# छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में पहली बार एंटी नारकोटिक्स टीम का गठन, ड्रग विभाग भी कर रहा जांच : विजय

कार्नर न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ कैमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के मार्गदर्शन में दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा साइबर क्राइम, एनडीपीएस एवं नारकोटिक्स पर कार्यशाला का आयोजन होटल इंपिरियल जुनवानी चौक में किया गया। कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर एनडीपीएस के आईजी अजय यादव, राजनांदगांव आईजी दीपक झा, दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग, छत्तीसगढ़ कैमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के अध्यक्ष उमेश सिरोठिया, महासचिव अविनाश अग्रवाल, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, सुरेंद्र कौशिक मौजूद थे।



## दवा विक्रेता नियमों के अंतर्गत चलाए व्यापार, नशाखोरी रुकेगी

मुख्य अतिथि विजय शर्मा ने कहा कि 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टीम का गठन पहली बार छत्तीसगढ़ मैं किया गया है। उन्होंने मेडिकल व्यवसाईयो से अपील करते हुए कहा कि वे अपना पूरा व्यवसाय सुचारू रूप से नियमों के अंतर्गत संचालित करें। आईजी अजय यादव, आईजी दीपक झा ने भी नियमों के अंतर्गत कार्य करने की सलाह दी एवं कहा कि कोई भी ऐसा असामाजिक तत्व आपको किसी भी प्रकार से प्रताड़ित करता है तो तत्काल पुलिस में शिकायत करें। आसपास संदिग्ध गतिविधियां आपको दिखती है, तब भी पुलिस को तुरंत बताएं। उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। मुख्य अतिथि विजय शर्मा ने कार्यशाला में एनडीपीसी एक्ट ड्रग एवं साइबर क्राइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया। समस्त केमिस्ट समुदाय का उन्होंने साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा ज्ञानवर्धक आयोजन से नशे के खिलाफ जंग को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

## दवा विक्रेताओं ने लिया बिना पर्ची के प्रतिबंधित दवा नहीं देने लिया संकल्प

आईजी राम गोपाल गर्ग ने साइबर अपराध को रोकने हेतु अपने विचार व्यक्त किया। दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष वकार हसन कामदार ने कहा कि आयोजन से दवा व्यवसाईयों को ज्ञानवर्धक जानकारी मिली है। सचिव दीपक बंसल ने कहा कि यह कार्यशाला व्यापार से जुड़े सभी साथियों के लिए न केवल जानकारी मूलक रही, बल्कि कानूनी जागरूकता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट माध्यम भी बनी। छत्तीसगढ़ दवा संघ के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने कार्यशाला के माध्यम से समस्त दवा व्यापारियों को शपथ दिलाई कि वह किसी भी प्रकार से ऐसी दवा का विक्रय किसी भी ऐसे व्यक्ति को नहीं करेंगे, जो उसका गलत इस्तेमाल करता है। खाली सिरिंज भी किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जाएगी।

संभाग के सातों जिलों के दवा प्रतिनिधि हुए शामिल

अखिल भारतीय दवा संघ के सुधीर अग्रवाल ने पूरे आयोजन के लिए जिला दवा विक्रेता संघ के समस्त साथियों का आभार व्यक्त किया और ऐसा आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ मैं आयोजित करवाने की अपनी मंशा जाहिर की। आभार प्रदर्शन जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव दीपक बंसल ने किया। कार्यशाला में अलग-अलग जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# ऑल आईआईटी की बैठक में इंटर्नशिप और प्रमुख मुद्दों पर चर्चा



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में सेंटर फॉर करियर प्लानिंग एंड सर्विसेज द्वारा ऑल आईआईटी प्लेसमेंट कमेटी (एआईपीसी) बैठक की मेजबानी की गई। बैठक में आईआईटी पारिस्थिति की तंत्र में प्लेसमेंट और इंटर्नशिप प्रक्रियाओं से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सभी आईआईटी के प्लेसमेंट हेड को आमंत्रित किया गया था।

- ऑल आईआईटी प्लेसमेंट कमेटी की आईआईटी भिलाई ने की मेजबानी

यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था, जिसमें 15 आईआईटी ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया और 4 ऑनलाइन शामिल हुए। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने छात्रों को इंडस्ट्री एक्सपोज़र प्रदान करने में इंटर्नशिप की महत्वपूर्ण भूमिका और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्लेसमेंट के अवसरों को बढ़ाने पर जोर दिया।

एआईपीसी के संयोजक और आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर कौशिक पाल ने देश के प्लेसमेंट परिदृश्य को आकार देने में एआईपीसी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआईपीसी सभी आईआईटी के लिए संयुक्त रूप से कार्य करता है, उनके बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देता है। उन्होंने छात्र हितों की रक्षा करने और पेशेवर दुनिया में संक्रमण के रूप में उनकी भलाई सुनिश्चित करने में समिति की भूमिका पर भी जोर दिया।

आईआईटी भिलाई के सीसीपीएस के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. धीमान साहा ने इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई एआईपीसी बैठक की मेजबानी करने वाली तीसरी पीढ़ी के आईआईटी में से पहला है। उन्होंने सभी प्लेसमेंट प्रमुखों को उनकी भागीदारी के लिए और चर्चा के लिए व्यक्तिगत रूप से आईआईटी भिलाई आने के लिए आभार व्यक्त किया।



## लाइव इवेंट

# जल जीवन का आधार और इसे बचाने करें हर संभव प्रयास



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय में 37 सीजी बटालियन एनसीसी, दुर्ग के निर्देशानुसार एनसीसी कैडेट्स द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने जल संरक्षण और उसके महत्व को रेखांकित करते हुए आकर्षक पोस्टर बनाएं और जल बचाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस, प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन, एनसीसी अधिकारी, कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे एवं डॉ सूजन आर. अब्राहम, प्रमुख प्रबंधन विभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने कहा कि जल जीवन का आधार है और हमें इसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। युवा पीढ़ी को जल संरक्षण की जिम्मेंदारी समझनी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। प्राचार्य डॉ. एम जी रोईमोन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व जल दिवस केवल एक दिन तक सीमित न रखकर बल्कि हमें हर दिन जल बचाने की आदत डालनी होगी। हमारे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे ने कहा कि एनसीसी हमेशा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तत्पर रहता है। जल संरक्षण एक गंभीर मुद्दा है, और युवाओं को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर कैडेट्स ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई। कई कैडेट्स ने जल है तो कल है जैसे संदेशों के साथ जल बचाने की शपथ भी ली। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अंत में सभी ने जल संरक्षण के लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम सीसी इकाई एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

- सेंट थॉमस महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने मनाया वर्ल्ड वाटर डे



## अखिल भारतीय उड़िया समाज के होली मिलन कार्यक्रम में जुटे सामाजिकजन

# होली मिलन में समाज के लोगों ने नशा से दूर रहने का दिया संदेश, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर ली शपथ





**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को खुर्सीपार स्थित वार्ड 51 के केंद्रीय कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान समाज के महिला, पुरुष और बच्चों की जमकर भीड़ रही। कार्यक्रम की शुरुआत 23 मार्च शहीद दिवस पर वीर शहीदों को याद कर किया गया। होली मिलन में समाज के लोगों ने रंग गुलाल और फूलों की होली खिलकर शपथ लिया कि समाज से नशे को दूर भगाना है। होली मिलन में प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी, महासचिव तरुण निहाल, कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, संरक्षक राजेंद्र नाग, जिला दुर्ग अध्यक्ष शंकर निहाल, भिलाई अध्यक्ष पूर्णचंद्र नायक, समाजसेवी कृष्णा सोना, जयंती महानंद ने अपना विचार रखे। इन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को सबको मिलकर भगाना होगा। इसके लिए उड़िया समाज के हर व्यक्ति को एकजुट होना पड़ेगा। इसके लिए समाज द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव तरुण निहाल ने किया। समाज ने दीपक सोना और टेकचंद सेठिया का केक काटकर समाज के बीच में जन्म दिन भी मनाया गया।

### मौजूद रहे समाज के लोग

समारोह में दयानिधि विभार, दीपक सोना, अर्जुन विभार, टेकचंद सेठिया, अनीता निहाल, चंद्रकांती सागर,आशीष नंदा, मनोज दीप, आनंद विभार, चितरु विभार, संतोष सोना, धर्मेंद्र सिक्का, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार ,जिला महासचिव कृष्णा तांडी, रमेश सागर, धरम हरपाल, अजय हरपाल, चेतन दीप, चिंतामणि दीप, उमेश दीप, अर्जुन नायक, रतन तांडी, सुभाष जगत, हेमंत बेहरा, किशोर मोगराज , मंटू सिक्का, खीरधर बाघ, सुरेश बाघ, टीकम सागर, जनित तांडी, श्रीवनसम महानंद, अर्जुन नायक, अर्जुन क्षत्रिया आदि मौजूद थे।

## संताजी सांस्कृतिक मंडल के आयोजन में महिलाओं की रही अहम भूमिका



**भिलाई।** संताजी सांस्कृतिक मंडल एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि सामाजिक भवन का निर्माण नवरात्रि में 31 मार्च से आरंभ होगा। इस आयोजन में मुख्य भूमिका महिलाओं ने निभाई। महिला समाज की अध्यक्ष निशा मलेवार ने कहा कि महिलाओं को एकजुट होकर सामाजिक कार्यों के लिए अपना समय देना चाहिए। जैसे महिलाओं के हाथ में परिवार की बागडोर होती है वैसे ही हम सभी को सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर के भाग लेना चाहिए और समाज को नई और सकारात्मक दिशा देनी चाहिए।कार्यक्रम में आर के डोरले, आशिष चिंधालोरे. निशा मलेवार, हेमा पोहाने , शुभदा, मिनाक्षी, निधी, नम्रता, अनुश्री, माधवी कामडे, रेणू गभने, छाया साखरवाडे, लक्ष्मी पोहाने, भारती साकोरे, सोनिका चिंधालोरे, पूजा साठवणे, शितल मोटघरे, देविका सोनटक्के, देवकन्या निखाड़े, देवेंद्र बारई, बिरबल निखाडे, आगासे, मोहित साखरकर, विनोज मलेवार, चतुर्भुज साकोरे, दिना राव साखरकर सहित अन्य सामाजिक जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## फाग का पर्व हमें प्रेम, सौहार्द-भाईचारे की सीख देता हैः संगीता



**दुर्ग।** शिल्प ग्राम थनौद में जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग पच्चीस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू साहू, अध्यक्षता जनपद सदस्य संगीता माखन साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच मेनका देशमुख, पंच सुनैना पारधी, बूथ अध्यक्ष टेकसिंग साहू उपस्थित थे। संगीता साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की सीख लेकर आगे बढ़ने की बातें कही। जय अम्बे दुर्गा उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वर्णकार के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल



**भिलाई।** स्वर्णकार समाज भिलाई द्वारा शांति नगर में समाज के भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकार बधाई दी।इस दौरान सभी फाग गीत व भजनों की धुन मे झूम उठे। समाज के पदाधिकारियों ने भी एक दुसरे को गुलाल लगाकार बधाई दी। कार्यक्रम में संरक्षक भगवान वर्मा, राजेन्द्र सोनी, अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, महासचिव गणेश कुमार सोनी, सहसचिव आशुतोष सोनी, गणेश सोनी, अंकेक्षक रजनीश सोनी, संगठन मंत्री राधेश्याम सोनी, कार्यकारणी सदस्य विनोद सोनी, राजीव सोनी, विजय सोनी, महिला उपाध्यक्ष माया सोनी, सहसचिव मीना सोनी, महिला कार्यकारणी संध्या वर्मा, अलका सोनी, रूची सोनी, अर्चना सोनी सहित काफी संख्या मे समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# वीर सपूतों की शहादत को किया याद, कहीं रक्तदान तो कहीं गीत गाकर किया नमन

## श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर ने शहीद हेमू कालाणी

**भिलाई।** श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वारा शहीद हेमू कालाणी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वैशाली नगर



स्थित हेमू कालाणी चौक पर उनकी प्रतिमा में श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष भीमसेन सेतपाल व समाज के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। श्री सेतपाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि हेमू कालाणी का इतिहास सिंधी समाज के लिए गर्व का विषय है। स्वतंत्रता की लड़ाई में इस अल्प आयु के सेनानी का बलिदान समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंचायत के कोषाध्यक्ष दिलीप पवानी ने कहा कि



हेमू स्वराज सेना के नेता थे, एक छात्र संगठन जो ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन से संबद्ध था। वे देश के स्वतंत्रता संग्राम के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक थे, जब वे केवल 19 वर्ष के थे, उनके 20वें जन्मदिन से दो महीने पहले ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया था। आज समाज द्वारा जहाँ हेमू कालानी का जन्मदिवस मनाया गया वही शहीद भगत सिंह,राजगुरु व सुखदेव जी के बलिदान का स्मरण किया गया। आज इस कार्यक्रम में प्रकाश मदनानी, नरेश कुकरेजा, रामानी और शंकर सचदेव व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भगत सिंह के शहीद दिवस पर डॉ. अजय ने 54 बार किया रक्तदान



**भिलाई।** सेवक जन फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर डॉ. अजय आर्य ने 54 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ने क्रांति के रास्ते पर चलकर देश का निर्माण और देशवासियों की सेवा करने का प्रण दिया था। शहीद दिवस पर इस त्याग और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने रक्तदान से होने वाले फायदे का जिक्र करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। बल्ड प्रेशर सामान्य रहता है, कैंसर जैसे घातक रोगो के होने का खतरा कम हो जाता है। हार्ट अटैक की संभावना में 90 प्रतिशत की कमी होती है। नए बल्ड सेल्स बनने लगते हैं, मोटापे से बचाव और लिवर स्वस्थ्य रहता है। कोलेस्ट्रॉल का लेवल सन्तुलित रहता है। रिसर्च में पाया गया है कि बल्ड डोनेट करने से खुशी मिलती है और मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है। रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक समता मे बढ़ोतरी होती है।

## पीएस राव को 204 और वेंकट रमैया को मिले 127 वोट

# आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष बने पीवी राव, उपाध्यक्ष बीए नायडू, सुब्बाराव व कोषाध्यक्ष बने टीवीएन शंकर

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के चुनाव में अध्यक्ष पीवी राव के नेतृत्व वाली टीम ने सभी पदों पर एक बार फिर जीत का परचम लहरा दिया है। पीवी राव पहले ही अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं, जबकि समिति के एक और शक्ति केंद्र सचिव पद पर पीएस राव ने अपने प्रतिद्वंद्वी ए वेंकट रमैया को भारी मतों से पराजित कर दिया। पीएस राव के पक्ष में 204 एवं वेंकट रमैया के पक्ष में 127 वोट पड़े। सबसे ज्यादा उत्सुकता इसी पद को लेकर थी। जहां पीएस राव जीत के प्रति आश्वस्त दिखे, वहीं वेंकट रमैया उलटफेर की उम्मीद में मतगणना स्थल पर आखिर तक डटे रहे। मतदान 66 प्रतिशत रहा।



### तीन साल टीम के हाथों में रहेगी बागडोर

समिति के दो उपाध्यक्ष पदों पर भी इसी टीम के बीए नायडु और के सुब्बाराव निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर टीवीएन शंकर तथा उप कोषाध्यक्ष पद पर एनएस राव चुनाव मैदान में कोई न होने से पहले ही चुन लिए गए। अगले तीन साल तक समिति की बागडोर इसी टीम के हाथों में होगी। पीवी राव के ध्वज तले संयुक्त सचिव के दो पदों पर चुनाव लड़ने वाले के लक्ष्मीनारायण और एस रवि ने भी अपनी-अपनी सीटें जीत लीं। इस चुनाव में लक्ष्मीनारायण को सर्वाधिक 247 मत मिले।

### सीनियर कमेटी में भी कायम रहा दबदबा

सीनियर टेंपल एक्जीक्यूटिव कमेटी के सात सदस्यों में जगह बनाने में भी टीम को कोई परेशानी नहीं हुई। कमेटी में जगह बनाने में ए सूर्यनारायण, के रमनमूर्ति, एम पद्मकिशोर, पी धर्माराव, पी केशवराव, आर श्रीनिवास राव तथा वी वेंकटेश्वर राव को सफलता मिली। एक्जीक्यूटिव कमेटी के निर्वाचित अन्य सदस्यों में वाई भास्कर राव, पी मुरहरि, के वेंकट राव, जे के राजू, एलएएन राव, सीएच कृष्णमूर्ति, वाईवीएस शर्मा, डी वेंकटरेड्डी, सीएच श्रीनिवास राव, एस नरेंद्र राव, आर राम नायडु, के सत्य श्रीनिवास, वी बुच्चिलिंगम, एम गणेश, आरवी गोपालराव, ए गोविंद राव, वीएसएस श्रीधर तथा डी दुर्योधन रेड्डी शामिल हैं।

### आमसभा में आय-व्यय का ब्यौरा पेश

बतातें चलें कि आंध्र साहित्य समिति मंदिर के सभी प्रशासनिक कार्य, व्यवस्थापन, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन का दायित्व संभालती है। इस लिहाज से यह चुनाव आंध्रवासियों के लिए काफी अहम माना जाता है। इससे पहले अध्यक्ष पीवी राव के नेतृत्व में वार्षिक आमसभा भी हुई, जिसमें पीएस राव ने समिति के तीन साल के कार्यों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर ने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। समिति ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चुनाव आधिकारी एमडी रेड्डी, सहायक चुनाव अधिकारी बी सुधाकर तथा इस काम में सहयोग करने वाली टीम के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

सिटी स्पोर्ट्स

## जन्म तिथि के अनुसार अपने पर्स में रखें ये चीजें, बदल सकता है आपका भाग्य



हर इंसान दिन-रात मेहनत करता है ताकि अच्छा पैसा कमा सके, लेकिन कई बार लाखों कमाने के बावजूद महीने के अंत तक जेब खाली हो जाती है। बिना वजह के खर्च बढ़ जाते हैं और उधार लेने तक की नौबत आ जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आप कुछ ज्योतिष उपाय अपना सकते हैं। दरअसल, फेंगशुई और ज्योतिष के अनुसार, अगर आप अपने जन्मतिथि के अनुसार कुछ खास चीजें अपने पर्स में रखते हैं, तो इससे पैसा टिकने लगेगा और बरकत बनी रहेगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि कौन से मूलांक वाले जातकों को कैसा पर्स रखना चाहिए और उसमें क्या रखना चाहिए।

**मूलांक 1 (1, 10, 19 या 28) :** अगर आपका जन्म किसी भी महीने के 1, 10, 19 या 28 तारीख को हुआ है तो आपका मूलांक 1 होगा। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मूलांक 1 वाले जातकों अपने पर्स में तांबे (कॉपर) का सिक्का रखना चाहिए। ये मान-सम्मान, सफलता और समृद्धि बढ़ाने का काम करता है। ऐसा माना जाता है कि इसे अपने वॉलेट में रखने से पैसा टिकेगा और खर्च कम होगा।

**मूलांक 2 (2, 11, 20 या 29) :** मूलांक 2 वाले जातकों को अपने पर्स में चांदी का सिक्का रखना चाहिए। मान्यता है कि इसे अपने पर्स में रखने से आर्थिक स्थिरता बनी रहती है और अचानक होने वाले खर्च कम हो जाते हैं।

**मूलांक 3 (3, 12, 21 या 30) :** मूलांक 3 वाले जातकों को अपने पर्स में केसर रखना चाहिए। केसर गुरु ग्रह से जुड़ा होता है, जो धन और ज्ञान दोनों को बढ़ाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे पीले कागज में लपेटकर रखने से बरकत बनी रहेगी और धन-धान्य में वृद्धि होगी।

**मूलांक 4 (4, 13, 22 या 31) :** मूलांक 4 वाले जातकों को अपने पर्स में जौ रखना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार, जौ राहु ग्रह की नकारात्मकता को दूर करता है और अचानक आने वाले खर्चों से बचाता है। इसे हरे कपड़े में लपेटकर अपने पर्स में रखने से आर्थिक लाभ होता है।

**मूलांक 5 (5, 14 या 23) :** मूलांक 5 वाले जातकों को अपने पर्स में तुलसी के पत्ते रखने चाहिए। तुलसी बुध ग्रह से जुड़ी होती है, जो दिमाग को तेज करने के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी सुधारती है। इस बात का ध्यान रखें कि पत्तों को समय-समय पर बदलते रहें ताकि उनकी ऊर्जा बनी रहे।

**मूलांक 6 (6, 15 या 24) :** मूलांक 6 वाले जातकों को अपने पर्स में सूखे गुलाब रखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे धन लाभ होता है।

**मूलांक 7 :** अगर आपका जन्म किसी भी महीने के 7, 16 या 25 तारीख को हुआ है, तो अपने पर्स में किसी प्रिय व्यक्ति की फोटो रखें। इससे केतु ग्रह की ऊर्जा संतुलित होती है और धन की कमी नहीं होती।

**मूलांक 8 :** अगर आपकी जन्मतिथि 8, 17 या 26 है, तो आपको अपने पर्स में सिक्का रखना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार, यह शनि ग्रह को मजबूत करता है, जिससे करियर और धन में तरक्की मिलती है।

**मूलांक 9 :** अगर आपका जन्म 9, 18 या 27 तारीख को हुआ है, तो आपको अपने पर्स में लाल मौली (कलावा) रखनी चाहिए। इसे पर्स में रखने से पहले नौ गांठें बांध लें। यह मंगल ग्रह की शक्ति को बढ़ाता है और आपकी इच्छाओं को पूरा कर सकता है।

## चैत्र नवरात्रि पर व्रत के दौरान बनाकर खाएं ये सब्जियां, नहीं होगी ऊर्जा की कमी



चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दौरान 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है, जो कि 7 अप्रैल को समाप्त होगी। इस दौरान महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोग नौ दिन का उपवास करते हैं। उपवास के दौरान घर सहित बाहर व ऑफिस के काम आदि भी करना पड़ते हैं। फलाहारी भोजन भी एक समय करने या फल आदि के सेवन के बावजूद आपके शरीर में ऊर्जा को बरकरार रखने आप उपवास करते समय व्रत वाली ये सब्जियां बनाकर खा सकते हैं। इन सभी की रेसिपी बेहद आसान है और इन्हें खा कर आपको ऊर्जा भी मिलेगी।

**लौकी की सब्जी :** व्रत के दौरान आपको लौकी का सेवन करना चाहिए, जो हल्की होती है और पेट को ठंडा रख सकती है। इससे बेहद स्वादिष्ट सब्जी बन जाती है, जिसे आप कुट्टू के आटे की रोटी के साथ खा सकते हैं। इसके लिए एक कड़ाही को आंच पर चढ़ाकर उसमें घी गर्म करें। इसमें जीरा, हरी मिर्च और नारियल डालकर भूनें और लौकी मिला दें। इसे धीमी आंच पर पकाएं और सेंधा नमक और घिसा हुआ नारियल डालकर परोसें।

**आलू की कढ़ी :** व्रत करते समय आप दही और आलू से बनी कढ़ी भी खा सकते हैं, जिसका स्वाद लाजवाब होता है। सबसे पहले उबले आलू, सेंधा नमक, लाल मिर्च और सिंघाड़े के आटे का मिश्रण तैयार करें और उसकी पकौड़ियां बनाकर तल लें। अब दही में सेंधा नमक, हल्दी और उबले आलू मिलाकर पतला पेस्ट बना लें। इस मिश्रण को पकाकर उसमें आलू की पकौड़ियां डालें और लाल मिर्च का तड़का लगाकर खाएं।

अरबी की सब्जी

अरबी की व्रत वाली सब्जी बनाने के लिए

### शरीर को ठंडक पहुंचाने और डिहाइड्रेशन से बचाने में भी मददगार

# गर्मी के दिनों में दही का सेवन फायदेमंद के साथ पाचन तंत्र को भी बनाता है मजबूत

गर्मी के दिनों में हमारे शरीर को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, क्योंकि तेज धूप और ज्यादा तापमान के कारण हमारे शरीर में कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। इन परेशानियों से बचने के लिए हमें अपने भोजन में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए जो गर्मी में होने वाली परेशानियों से राहत दिलाने में मदद करे। इसके लिए दही एक ऑप्शन बन के आता है जो न केवल पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, बल्कि शरीर को ठंडक पहुंचाने और डिहाइड्रेशन से बचाने में भी मदद करता है। इसलिए, गर्मी के दिनों में दही का सेवन करना हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि गर्मी के दिनों में दही का सेवन करने से हमें क्या फायदे मिलते हैं।



**गर्मी से राहत**

गर्मी के दिनों में दही खाने से आपके शरीर को ठंडक मिलती है। इसके सेवन से शरीर के तापमान नियंत्रित रहते हैं और गर्मी से संबंधित समस्याएं कम होती हैं।

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया की संख्या बढ़ती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। एक अध्ययन के अनुसार, दही का सेवन करने से पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया की संख्या 20-30% तक बढ़ सकती है।

### विटामिन और मिनरल्स

दही विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जैसे कि कैल्शियम, फॉस्फोरस, और विटामिन बी12. दही का सेवन करने से शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक कप दही में लगभग 200 मिलीग्राम कैल्शियम होता है, जो कि शरीर के लिए आवश्यक है।

### इम्यून सिस्टम, त्वचा-बालों के लिए फायदेमंद

दही के सेवन करने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। त्वचा और बालों के लिए- दही में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा और बालों की सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके नियमित सेवन से आपको बालों को पोषण मिलता है। बालों के झड़ने, रूखे होने की समस्या से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही यह आपके स्किन को भी ड्राई होने से रोकता है।

### लू और डिहाइड्रेशन से बचाव

दही गर्मी के कारण होने वाली लू और डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करता है। दही में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो कि शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करती है।

## रात में भिगोकर रखे दें ये छोटी सी चीज सुबह खाने के फायदे जान उड़ जाएंगे

क्या आप जानते हैं कि एक छोटा सा किशमिश आपके स्वास्थ्य के लिए कितना फायदेमंद हो सकता है? इसके नियमित सेवन से आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसमें ऐसे कई तरह के पौष्टिक गुण होते हैं जो आपके स्किन से लेकर हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। अगर आप किशमिश के कुछ दाने रात में भिगो कर रखे देते हैं और सुबह इसे खाते हैं तो इसकी पौष्टिक क्षमता और बढ़ जाती है। आइए जानते हैं कि रोजाना सुबह भिगोए हुए किशमिश के दाने खाने से आपको क्या फायदे मिल सकते हैं।

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

किशमिश में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है। यह शरीर में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और पाचन सम्बन्धी समस्या नहीं होती।



### हड्डियों की मजबूती

किशमिश में मौजूद कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व हड्डियों की मजबूती के लिए बहुत जरुरी होते हैं। इसके अलावा, किशमिश में मौजूद बोरोन नामक मिनरल हड्डियों की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं, जो हड्डियों को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाते हैं।

### हृदय स्वास्थ्य के लिए बेहतर

किशमिश में पोटैशियम और फाइबर होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।

### कैंसर के खतरे को कम करता है

किशमिश में एंटी-कैंसर गुण होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने के लिए लाभदायक हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफेनोल्स कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करते हैं।

### स्किन और बालों के लिए

किशमिश स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करता है, साथ ही स्किन के एंटी एजिंग का काम करता है। इसके अलावा, किशमिश बालों के विकास को बढ़ावा देता है, बालों को मजबूत बनाता है। बालों के झड़ने को रोकता है। नियमित रूप से किशमिश का सेवन करने से आपको स्वस्थ और सुंदर त्वचा और बाल पाने में मदद मिलती है।

## सुबह उठते ही इन चीजों को देखने से बचें, माना जाता है अशुभ

सुबह का समय सबसे खास होता है क्योंकि सुबह की शुरुआत पर ही आपका पूरा दिन निर्भर करता है। हर कोई हमेशा यही सोच के उठता है कि उसका दिन शुभ और सफलतादायक हो। ऐसा माना जाता है कि सुबह उठते ही कुछ चीजों को देखने से पूरा दिन अच्छा बीतता है। हालांकि कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिन्हें सुबह उठते ही बिल्कुल नहीं देखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इन चीजों को सुबह के समय देखने से आपका भाग्य दुर्भाग्य में बदल सकता है। ऐसे में आज हम इसी बारे में आपको बताने जा रहे हैं कि वास्तु के अनुसार सुबह के वक्त इन चीजों के दर्शन करना अशुभ माना जाता है।



**बंद घड़ी :** सुबह उठते ही यदि आपको बंद घड़ी दिख जाए, तो यह शुभ संकेत नहीं माना जाता है। वास्तु के अनुसार, सुबह उठते ही बंद घड़ी देखने से आपके काम अटक सकते हैं या जीवन में रुकावटें आ सकती हैं। इसलिए अपने कमरे में कभी भी बंद घड़ी न रखें और अगर कोई घड़ी खराब हो गई हो, तो उसे जल्द ठीक करवा दें या फिर हटा दें।

**झाड़ू और कूड़ेदान :** वास्तु के अनुसार, सुबह उठते ही झाड़ू और कूड़ेदान देखना अशुभ माना जाता है। कहते हैं कि इससे आर्थिक तंगी आ सकती है और घर में नेगेटिव एनर्जी बनी रहती है। इसलिए इन्हें ऐसी जगह रखें, जहां सुबह उठते ही नजर न पड़े।

**जूठे बर्तन :** अगर आप सुबह उठते ही सबसे पहले जूठे बर्तन देखते हैं, तो वास्तु के अनुसार यह भी अशुभ माना जाता है। इससे घर में कलह-क्लेश बढ़ सकता है और मन में चिड़चिड़ापन आ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि रात में ही सारे बर्तन धो लें।

**अपनी परछाई :** वास्तु के अनुसार, सुबह-सुबह उठते ही अपनी परछाई देखने से मन अशांत हो सकता है। कहते हैं कि इससे दिनभर दिमाग उलझा रहता है और कोई भी काम ठीक से नहीं हो पाता। इसलिए कोशिश करें कि उठते ही अपनी परछाई न देखें।

**आईना ;** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे उठते ही आईना देखने लगते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना शुभ नहीं माना जाता है। इससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है और दिनभर सुस्ती बनी रह सकती है।



## हाथी पर सवार होकर आ रही हैं मां दुर्गा, जानिए माता की यह सवारी किस बात का है संकेत

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि बेहद ही खास मानी जाती है। साथ ही, हर साल चैत्र नवरात्रि के साथ हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होती है। इस बार यह 30 मार्च 2025 से शुरू हो रही है और 7 अप्रैल को समाप्त होगी। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। खास बात यह है कि इस साल देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर अपने भक्तों से मिलने आ रही हैं और हाथी पर ही वापस जाएंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता का हाथी पर आगमन और प्रस्थान बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं मां अंबे के इस वाहन का क्या मतलब होता है।

### कब शुरू होगी चैत्र नवरात्रि?

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च की शाम से शुरू होगी और 30 मार्च दोपहर तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से होगी। आपको बता दें कि इस बार नवरात्रि 8 दिन की होगी और 7 अप्रैल को माता का प्रस्थान होगा।

### शुभ माना जाता है हाथी में आगमन

नवरात्रि की शुरुआत और समाप्ति के दिन के अनुसार माता का वाहन तय होता है। इस बार नवरात्रि रविवार से शुरू हो रही है और सोमवार को समाप्त होगी, इसलिए माता हाथी पर आएंगी और हाथी पर ही वापस जाएंगी। देवी भागवत पुराण के अनुसार, माता दुर्गा का हाथी पर आगमन अत्यंत शुभ माना जाता है।

### हाथी सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक

हाथी को सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि जब माता हाथी पर आती हैं, तो देश में अच्छी बारिश होती है, जिससे फसलें बढ़िया होती हैं और धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती है। माता का हाथी पर प्रस्थान भी शुभ माना जाता है, जिससे आर्थिक तरक्की और खुशहाली बनी रहती है।



### माता का वाहन कैसे तय होता है?

माता किस वाहन पर आएंगी और जाएंगी, यह नवरात्रि के आरंभ और समाप्ति के दिन पर निर्भर करता है। अगर नवरात्रि रविवार या सोमवार से शुरू और खत्म हो रही है, तो माता हाथी पर आती और जाती हैं। यह सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश का संकेत है।

वहीं अगर नवरात्रि मंगलवार या शनिवार से शुरू या समाप्त होती है तो ऐसे में माता घोड़े पर आती और घोड़े पर ही वापस जाती हैं। इसे संघर्ष और उथल-पुथल का संकेत माना जाता है।

यदि नवरात्रि गुरुवार या शुक्रवार से शुरू या समाप्त हो रही है तो, ऐसे में माता पालकी पर आती और जाती हैं। यह वाहन अस्थिरता और चुनौतियों का संकेत देता है।

इसके अलावा अगर नवरात्रि बुधवार से शुरू और समाप्त होती है, तो माता नौका पर आती और जाती हैं, जिससे आपदा से मुक्ति और जीवन में शांति का प्रतीक माना गया है।

कार्नर न्यूज

### गर्मियों में हर कोई ठंडक के एहसास के लिए कई तरह की चीजें करता है जो उसे गर्मी से बचाए

# कन्फ्यूजन में न रहें, गर्मी में मटके या फ्रिज में से किसका पानी है बेहतर, जान लीजिए

*नई दिल्ली। मार्च का महीना खत्म होने वाला है और अब धीरे धीरे आने वाले महीनों में गर्मा अपने चरम पर होगी। गर्मियों में हर कोई ठंडक के एहसास के लिए कई तरह की चीजें करता है जो उसे गर्मी से बचाए। इसके साथ ही हर कोई गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी का ही सहारा लेता है। ठंडे पानी को लेकर अक्सर लोग दुविधा में रहते हैं कि उन्हें मटके या फ्रिज किसका पानी पीना चाहिए। वहीं कई लोग मानते हैं कि फ्रिज का पानी सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। तो आइए जानते हैं मटके या फ्रिज किसका पानी आपके लिए गर्मी में बेस्ट है।*



### फ्रिज का पानी

**त्वरित ठंडा:** फ्रिज पानी को जल्दी ठंडा करता है, जिससे तापमान तेजी से कम हो जाता है। हालांकि, यह जल्दी से ठंडा किया गया पानी कभी-कभी खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। बहुत ठंडा पानी गले को नुकसान पहुंचा सकता है और सर्दी-जुकाम का कारण बन सकता है।

**स्वच्छता और शुद्धता:** फ्रिज में पानी को साफ रखा जा सकता है क्योंकि इसमें एक फिल्टर सिस्टम होता है जो पानी को शुद्ध करता है। हालांकि, इसका तापमान अधिक ठंडा होता है, जो कुछ मामलों में शरीर के लिए अच्छा नहीं होता। बहुत ज्यादा ठंडा पानी कभी-कभी पाचन प्रक्रिया में भी विघ्न डाल सकता है।

**लंबे समय तक ठंडा रखने की क्षमता:** फ्रिज पानी को अधिक समय तक ठंडा रखने में सक्षम है, जिससे यह लंबे समय तक एक स्थिर ठंडे तापमान में रहता है। जबकि मटका का पानी थोड़ी देर बाद कमरे के तापमान पर आ जाता है और इस कारण पानी का ठंडापन कम हो जाता है।

### कौन-सा पानी है बेहतर

आपको गर्मी में कौन सा पानी पीना चाहिए जो आपकी सेहत के लिए बेहतर मटका या फ्रिज। जहां मटका का पानी स्वास्थ्य के लिए एक प्राकृतिक और खनिजों से भरपूर विकल्प है, वहीं फ्रिज पानी अधिक ठंडा और लंबे समय तक ठंडा रहने वाला होता है, लेकिन यह कभी-कभी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यदि आप शुद्धता और खनिज से भरपूर पानी चाहते हैं, तो मटका एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

### मटके का पानी

**प्राकृतिक रूप से ठंडा:** मटका पानी को स्वाभाविक रूप से ठंडा करता है। मटका में ठंडा पानी प्राकृतिक रूप से जमता है, जिससे पानी का तापमान धीरे-धीरे और सही तरीके से कम होता है। इस पानी का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और यह गले को नुकसान नहीं पहुंचाता, जो अक्सर ठंडे फ्रिज पानी से होता है।

**खनिजों से भरपूर:** मटका की मिट्टी में मौजूद खनिज जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, और आयरन पानी में घुलकर उसे स्वस्थ बनाते हैं। इन खनिजों का सेवन पेट और पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे शरीर को आवश्यक पोषण मिलते हैं और पेट का हाजमा भी बेहतर रहता है।

भिलाई बाजार



भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दूसरों को खुश करने का हमेशा दबाव होता है महसूस



जस्टिन बीबर ने अपने प्रशंसकों को अपने नए एल्बम की एक खास झलक दिखाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कई संगीतकारों के साथ कीबोर्ड बजाते हुए नजर आए। साथ ही एक खास नोट भी लिखा। पॉप आइकन जस्टिन बीबर ने सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन क्लिप शेयर किया, जिसमें वह संगीतकारों के साथ अपने नए एल्बम पर काम करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस वीडियो के साथ एक खास नोट भी लिखा, जो उनके खुद के बारे में है। इस वीडियो में उनके साथ जेन्सन मैकरे, जुडाह स्मिथ, जोश मेहल, डीजे टे जेम्स और कैंपर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। जस्टिन ने इंस्टाग्राम की पोस्ट के जरिए अपनी परेशानियों के बारे में बताया, जैसे गुस्से की समस्या और उससे निपटने की कोशिश। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'उन्हें हमेशा दूसरों को खुश करने का दबाव महसूस होता है, जिससे वह अब थक गए हैं। क्योंकि, इस दबाव में वह कभी-कभी खुद को खो देते हैं और ऐसा लगता है कि वह दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें खुद से नफरत होती है जब वह दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलते हैं।

### टॉलीवुड


## 'कन्नप्पा' फिल्म की आलोचना करने वालों को मेकर्स की चेतावनी




तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' सुर्खियों में है। हाल ही में फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान, कास्ट मेंबर रघु बाबू की तरफ से दिए गए एक बयान ने इंटरनेट यूजर्स को निराश कर दिया है। तेलुगु 360 के मुताबिक इस कार्यक्रम में रघु बाबू ने ट्रोल्स को फिल्म की आलोचना करने पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है 'अगर कोई कन्नप्पा फिल्म को ट्रोल करता है, तो उसे भगवान शिव के क्रोध और श्राप का सामना करना पड़ेगा...' यह बयान इंटरनेट यूजर्स को पसंद नहीं आया। जबकि कुछ लोगों ने इस पर हंसी उड़ाई, कुछ यूजर्स ने इसे 'अजीब मार्केटिंग नौटंकी' करार दिया। एक रेडिट यूजर ने पोस्ट शेयर की और इस पर कई यूजर्स ने निराशा जाहिर की। एक यूजर ने मजाक में लिखा 'डर और धर्म देश में हमेशा काम आता है। मैंने बहुत सारे पाप किए हैं इसलिए मैं नर्क में जाउंगा। मुझे गर्म तेल में तला जाएगा।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'ये कैसी बेहूदा मार्केटिंग है। हे भगवान।' एक और यूजर ने लिखा कि 'मैं एक शिव भक्त के तौर पर कह रहा हूं कि उनके पास इतना समय नहीं है।' 'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म हिंदू धर्म में भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। कन्नप्पा में मुख्य भूमिका में विष्णु मांचू हैं, उनके साथ मोहन बाबू हैं। फिल्म में मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार और काजल अग्रवाल की विशेष कैमियो भूमिकाएं भी हैं।

### भोजपुरी

## पवन सिंह का भोजपुरी गाना 'कमर दबादी' रिलीज होते ही हुआ ट्रेंड



भोजपुरी संगीत जगत के पावर स्टार पवन सिंह और सिजलिंग स्टार नम्रता मल्ला का नया गाना 'कमर दबादी' यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। यह गाना यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है और 24 घंटे से भी कम समय में यह यूट्यूब ट्रेंडिंग में 5वें नंबर पर पहुंच गया है। 'कमर दबादी' गाने का विजुअल और संगीत दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गाने की धुन और कोरियोग्राफी ने इसे युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय बना दिया है। पवन सिंह और नम्रता मल्ला की जोड़ी ने एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत लिया है। पवन सिंह ने अपनी को-स्टार नम्रता मल्ला के साथ केमिस्ट्री को लेकर भी बात कीष उन्होंने कहा, 'नम्रता मल्ला एक बेहतरीन कलाकार हैं। उनके साथ काम करना हमेशा मजेदार रहा है। इस गाने में हमारी जोड़ी ने फिर से कमाल किया है। मुझे खुशी है कि फैंस हमारी जोड़ी को इतना प्यार देते हैं।' पवन सिंह ने फैंस को संदेश देते हुए कहा, 'मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि मेरे गाने फैंस के दिल को छू जाएं। 'कमर दबादी' गाना भी उन्हें एनर्जी और मस्ती से भर देगा। मैं चाहता हूं कि फैंस इस गाने को खूब सुनें और इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करें।' आपको बता दें कि गाने को पवन सिंह और शिल्पी राज ने गया है। गीतकार रौशन सिंह विस्वाश हैं। संगीतकार सरगम आकाश हैं। निर्देशक दीपांश सिंह हैं। पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। डीओपी वज़ीर आर्ट और रवि कुमार हैं। कोरियोग्राफी गोल्डी जयसवाल और सनी सोनकर ने की है। पोस्टर अंकित जीएफएक्स ने बनाया है।

लाइफ स्टाइल

## कुर्ते को खूबसूरत बनाएंगी आस्तीन



कुर्ती को खूबसूरत और स्टाइलिश लुक देने के लिए नेकलाइन के साथ स्लीव्स पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। सूट पहन कर स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो कुर्ती की स्लीव्स बनवाते समय इन ट्रेंडी आस्तीन डिजाइन को एक बार जरूर देखें। बटरफ्लाई स्लीव्स आपके सूट को सिंपल तरीके से फैंसी लुक दे सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स को बनाने के लिए ऑर्गेंजा या फिर नेट का इस्तेमाल किया गया है। ऑफिस के लिए कुर्ती बनवाना चाहती हैं तो इस स्लीव्स पैटर्न को चुनें। इस सिंपल डिजाइन में पतली लेस और एक कपड़े का बटन लगाया गया है। अगप आपके हाथ काफी पतले हैं तो बैलून स्लीव्स डिजाइन को आप चुन सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में बाजू बहुत ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी।

## काले होठों से पाएं छुटकारा, इन टिप्स से वापस पाएं गुलाबी रंगत

कई लोगों का मानना है कि हर दिन लिपस्टिक लगाने से होंठ काले हो जाते हैं लेकिन इस बात का कहीं कोई प्रमाण नहीं मिला है कि लिपस्टिक लगाने से आपके होंठ काले हो जाएंगे। हालांकि आप सनस्क्रीन का प्रयोग नहीं करते हैं। धूम्रपान अधिक करते हैं तो आपके होंठ काले हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप अपने काले होंठों को लिपस्टिक से ढकने की कोशिश करते हैं तो वह बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगेंगे। अगर आप भी चाहते हैं कि आपके होठों पर गुलाबी रंगत वापस आ जायें तो इन ट्रिक्स को जरुर अपनायें।



### नींबू का रस और शहद

फटे होंठों की समस्या को खत्म करने और होंठों की गुलाबी चमक वापस लाने के लिए आप नींबू के रस और शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। नींबू को गोल टुकड़ों में काट लें। नींबू के ऊपर शहद डालें। इस बार नींबू और शहद को अपने होठों पर रगड़ते रहें। रात को सोने से पहले ऐसा करें। अपने होंठ आपको धोने की कोई जरूरत नहीं। ऐसा लगातार 30 दिनों तक करने पर आपके होठों की गुलाबी रंगत वापस आ जाएगी।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा में स्किन के घावों को ठीक करने की क्षमता होती है। दिन में दो बार अपने होठों पर एलोवेरा जेल लगाने से होंठों का कालापन आसानी से दूर हो जाएगा। एलोवेरा जेल पिगमेंटेशन की समस्या को खत्म करता है। अपने होठों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं। इसे बीस मिनट तक रखें जब यह सूख जाए तो इसे पानी से धो लें.फिर आप देंखे कैसे खिल उठेगा आपका चेहरा।

### चुकंदर का रस

अपने होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने के लिए चुकंदर के रस की मदद लें। चुकंदर का रस लगाने से आपके होंठों की नमी बरकरार रहेगी और वे आसानी से फटने से बचेंगे। दो चम्मच चुकंदर के रस को नारियल के तेल में मिलाएं। इस मिश्रण को अपने होठों पर 15 से 20 मिनट तक लगाएं। इसका इस्तेमाल सप्ताह में दो या तीन बार करने से आपके होंठ मुलायम और गुलाबी हो जाएंगे। नारियल का तेल भी होठों का कालापन दूर करने के लिए उपयोगी है।

## गुड़ी पड़वा पर अपनाएं नौवारी साड़ी, लुक दिखे मराठी मुलगी की तरह खास

फैशन



गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र का खास पर्व है, जो चैत्र महीने की प्रतिपदा तिथि को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धज कर पूजा-अर्चना करती हैं और घर के आंगन में गुड़ी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस पावन मौके पर यदि आप भी मराठी मुलगी की तरह पारंपरिक लुक अपनाना चाहती हैं, तो नौवारी साड़ी से बेहतर कुछ नहीं।

**पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक अपनाएं :** गुड़ी पड़वा पर अगर आप पूरी तरह मराठी लुक में नजर आना चाहती हैं, तो नौवारी साड़ी के साथ नथ, गजरा, और हरी चूड़ियां पहनना न भूलें। इस लुक में माथे पर बिंदी और नथनी का खास महत्व होता है। बालों में गजरा लगाने से आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा।

**नौवारी साड़ी कैसे पहनें :** नौवारी साड़ी को पहनने का तरीका पारंपरिक मराठी शैली में होता है। इसे धोती स्टाइल में ड्रेप किया जाता है, जिससे यह आपको ग्रेसफुल और क्लासिक लुक देती है। नौवारी साड़ी आमतौर पर 9 गज लंबी होती है, जिसे कमर से लपेटकर पीछे की ओर प्लेट्स बनाकर आगे की ओर पल्लू निकाला जाता है।

**सही रंग का करें चुनाव :** गुड़ी पड़वा पर पारंपरिक रंग जैसे लाल, हरा, पीला और नारंगी रंग को खासतौर पर पसंद किया जाता है। लाल और हरे रंग की नौवारी साड़ी शुभ मानी जाती है, जो महिलाओं की सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं। आप चाहें तो सिल्क या कॉटन की साड़ी का चयन भी कर सकती हैं।

**गहनों से बढ़ाएं खूबसूरती :** मराठी लुक को पूरा करने के लिए पारंपरिक गहने जैसे कि ठुशी हार, मोहनमाला, नथनी और बाजूबंद पहनें। इसके अलावा पैरों में पायजेब और हाथों में हरी चूड़ियां पहनना भी शुभ माना जाता है। इससे आपका लुक पूरी तरह महाराष्ट्रीयन लगेगा।

**मेकअप रखें सिम्पल और एलिगेंट :** नौवारी साड़ी लुक में मेकअप को हल्का और सिम्पल रखें। चेहरे पर हल्की सी काजल और बिंदी लगाकर आप अपनी खूबसूरती को और निखार सकती हैं। होठों पर मरून या लाल रंग की लिपस्टिक लगाएं, ताकि आपका लुक और भी आकर्षक लगे।

**फुटवियर का रखें खास ध्यान :** पारंपरिक लुक के लिए कोल्हापुरी चप्पल या सैंडल पहनना बेस्ट ऑप्शन है। ये न सिर्फ आपके लुक को कम्पलीट करेंगी, बल्कि इसमें आपको आराम भी मिलेगा।

**बालों, ज्वेलरी, मेकअप व फुटवियर से दें ट्रडिशनल टच :** गुड़ी पड़वा पर बालों को बन या चोटी में स्टाइल करें और उसमें गजरा लगाएं। यह लुक आपको पूरी तरह से मराठी मुलगी जैसा एहसास देगा। सही ज्वेलरी, मेकअप और फुटवियर के साथ आपका लुक न सिर्फ परफेक्ट लगेगा बल्कि हर कोई आपकी तारीफ भी करेगा। इस गुड़ी पड़वा पर खुद को महाराष्ट्रीयन संस्कृति से जोड़कर खास अंदाज में सजाएं और पर्व का आनंद लें।

## गर्मियों में स्टाइलिश लुक पाने के लिए ट्राई करें ये डिजाइनर कुर्तियां

गर्मी आते ही महिलाएं ऐसा ऑउटफिट वियर करना चाहती हैं जो हल्के होने के साथ ही आरामदायक भी हो। ऐसे में उनकी पहली पसंद हमेशा कुर्ती होती है, जो हमेशा से ट्रेंड में रहती है। गर्मियों में कॉलेज गर्ल्स, ऑफिस जाने वाली महिलाएं या कैजुअल आउटिंग के लिए कुर्ती सबसे बेस्ट ऑप्शन होती है। कम्फर्टेबल होने के साथ ही इसमें आपको अधिक गर्मी भी नहीं लगती। इसलिए आज हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ ट्रेंडिंग कुर्ती डिजाइन्स जो इस गर्मी के मौसम में आपको अपने वार्डरोब में जरूर शामिल करने चाहिए। ये कुर्तियां स्टाइलिश लुक देने के साथ ही आपकी फेवरेट बनने वाली हैं।



### शर्ट कॉलर कुर्ती

शर्ट कॉलर कुर्ती में शर्ट के कॉलर की तरह डिजाइन होता है। यह कुर्ती स्टाइलिश और मॉडर्न दिखती है और गर्मियों में बहुत आरामदायक भी होती है। इन कुर्तियों को आप स्ट्रेट जीन्स, या प्लाजो के साथ वियर कर सकते हैं।

### स्ट्रेट और ट्यूनिक कुर्ती

गर्मी के दिनों में वियर करने के लिए स्ट्रेट कुर्ती सभी महिलाओं की पहली पसंद होती है। यह स्टाइलिश लुक देने के साथ ही कम्फर्टेबल भी होती है। इसमें कुर्ती के साथ स्ट्रेट पैंट वियर किया जाता है। ट्यूनिक कुर्ती - यह एक शॉर्ट लेंथ की कुर्ती होती है जो बहुत ही लूज और आरामदायक होती है। इन कुर्तियों को आप जीन्स, ट्राउजर्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### काफ्तान कुर्ती


आजकल काफ्तान कुर्ती बहुत फैशन में चल रही है। यह बहुत ही ढीलाढाला होता है जो अक्सर कॉटन या सिल्क फैब्रिक से तैयार किया जाता है। यह आपको बहुत ही यूनिक स्टाइल और कम्फर्ट का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

## हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए आजमाएं घरेलू नुस्खे

एँमहिलाओं के हाथ ड्राई होने के कई सारे कारण हैं। कपड़ें धोने के दौरान डिटर्जेंट पाउडर, बर्तन धोते समय साबुन का इस्तेमाल साथ ही कई सारे और भी कारण हैं जिनकी वजह से हाथों की स्किन ड्राई हो जाती है। हाथों की ड्राईनेस से निजात पाने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं जो काफी महंगे होते हैं लेकिन अब सस्ते में ही हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है।

### इन नुस्खों का करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से हमने पूछा कि किन घरेलू नुस्खों के जरिए हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता हैं तब



एक्सपर्ट ने हमें कई सारी चीजों के बारे में बताया जिनकी मदद से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो सकती है एक्सपर्ट ने बताया कि शहद, बादाम का तेल, गिल्सरिन, वैसलीन का इस्तेमाल हाथों को ड्राईनेस खत्म करने के लिए किया जा सकता है। एक्सपर्ट द्वारा बताई गयी चीजों में कई सारे गुण होते हैं तो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद हैं साथ ही ये सभी चीजें हाथों की ड्राईनेस भी खत्म करने के काम आते हैं। इसी के साथ एक्सपर्ट ने बताया कि इन चीजों का इस्तेमाल कैसे करें।

### इस तरह से करें इन चीजों का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने बताया कि शहद के साथ 1 चम्मच गिल्सरिन, 1/2 चम्मच नींबू का रस मिक्स करके ले साथ ही इसमें गुलाब जल भी मिक्स कर लें। इसी के साथ इसमें विटामिन ई कैप्सूल और गिल्सरिन मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं एक्सपर्ट ने ये भी जानकरी दी कि बादाम का तेल के साथ वैसलीन का इस्तेमाल करके हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

जानें कौन से डिज़ाइन हैं ट्रेंड में

## टॉप झुमके डिज़ाइन जो आपके एथनिक लुक को देंगे परफेक्ट टच

इंडियन ट्रडिशनल आउटि्फट के साथ झुमके पहनना हर महिला की पहली पसंद होती है। चाहे शादी हो, त्योहार हो या कोई पारिवारिक फंक्शन, एथनिक वियर के साथ सही झुमके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप भी अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहती हैं तो ये टॉप 10 ईयरिंग डिजाइन आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। ये डिजाइन न केवल ट्रेंडी हैं बल्कि आपको रॉयल और ग्रेसफुल लुक भी देंगे। आइए जानते हैं कौन-कौन से डिजाइन आपकी ज्वेलरी कलेक्शन में जरूर होने चाहिए।



### झुमका डिजाइन

झुमका भारतीय महिलाओं का फेवरेट ईयरिंग डिजाइन है। ट्रेडिशनल सिल्क साड़ी या लहंगे के साथ भारी झुमके लुक को कम्प्लीट करते हैं। गोल्ड, सिल्वर और कुंदन वर्क में मिलने वाले झुमके शादी और त्योहारों के लिए परफेक्ट हैं।

### चांदबाली डिजाइन

चांद की आकृति वाले ये झुमके राजस्थान और मुगल काल से इंस्पायर्ड होते हैं। भारी कुंदन और मोतियों के साथ ये झुमके एथनिक लुक को और भी रॉयल बनाते हैं इन्हें लहंगा, साड़ी और अनारकली सूट के साथ कैरी किया जा सकता है।

### कुंदन ईयरिंग्स

अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो कुंदन ईयरिंग्स से बेहतर कुछ नहीं। कुंदन का फाइन वर्क और स्टोन्स का ग्लैमरस टच आपको किसी भी मौके पर सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बना सकता है। ये झुमके शादी और खास मौकों के लिए बेस्ट हैं।

### टेंपल ईयरिंग्स

साउथ इंडियन ज्वेलरी में टेंपल डिजाइन की झुमकियां सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं। ये झुमके भगवान और देवी-देवताओं की आकृति से प्रेरित होते हैं और सिल्क साड़ी के साथ परफेक्ट लगते हैं।

### अफगानी झुमके

अफगानी ईयरिंग्स का ट्रेंड आजकल बहुत पसंद किया जा रहा है। ये बड़े और डैंगलिंग झुमके फ्यूजन लुक के लिए भी बेस्ट होते हैं। इन्हें कुर्ता, अनारकली और इंडो-वेस्टर्न ड्रेस के साथ ट्राई करें।



### हूप ईयरिंग्स

अगर आप हल्का और ट्रेंडी लुक चाहती हैं तो हूप ईयरिंग्स बेस्ट ऑप्शन हैं। गोल्ड, सिल्वर और बीडेड हूप्स किसी भी एथनिक वियर के साथ स्टाइलिश लुक देते हैं।

### बाजुबंद झुमके

बाजुबंद डिजाइन झुमके, जो हाथ के बाजूबंद से प्रेरित होते हैं, अब ईयरिंग्स में भी ट्रेंड कर रहे हैं। ये झुमके एथनिक और कंटेम्परारी दोनों लुक के साथ अच्छे लगते हैं।

### पेर्ल ईयरिंग्स

मोती से बने झुमके कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते। ये झुमके सिंपल और एलिगेंट लुक देते हैं और हल्के वजन की वजह से इन्हें लंबे समय तक आसानी से पहना जा